


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.MPHIN/2003/10309


# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा   वर्ष-22 अंक-60   सीहोर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025   पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये   सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## जस्टिस वर्मा के घर से कैश मिलने पर भड़के उपराष्ट्रपति, क्या यह माफी लायक है? FIR क्यों नहीं हुई

नई दिल्ली(ए)। हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास से बड़े पैमाने पर कैश की बरामदगी से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज न किए जाने पर गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि क्या कानून से परे एक श्रेणी को अभियोजन से छूट हासिल है।धनखड़ ने कहा, अगर यह घटना उसके (आम आदमी के) घर पर हुई होती, तो इसकी (प्राथमिकी दर्ज किए जाने की) गति इलेक्ट्रॉनिक रॉकेट सरीखी होती, लेकिन उक्त मामले में तो यह बैलगाड़ी जैसी भी नहीं है। धनखड़ ने कहा कि सात दिनों तक किसी को भी इसके बारे में पता नहीं चला। हमें खुद से सवाल पूछने होंगे। क्या देरी की वजह समझ में आती है? क्या यह माफी योग्य है? उपराष्ट्रपति ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी संस्था या व्यक्ति को पतन की ओर धकेलने का सबसे पुख्ता तरीका उसे जांच से सुरक्षा की पूर्ण गारंटी प्रदान करना है। सुप्रीम कोर्ट ने 14 मार्च को होली की रात दिल्ली में जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान वहां कथित तौर पर बड़े पैमाने पर नोटों की अधजली गड्डियां बरामद होने के मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए थे। इसके अलावा, न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था। धनखड़ ने मामले की आंतरिक जांच के लिए गठित तीन न्यायाधीशों की समिति की कानूनी वैधता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने




कहा कि तीन न्यायाधीशों की समिति मामले की जांच कर रही है, लेकिन जांच कार्यपालिका का अधिकार क्षेत्र है, न्यायपालिका का नहीं। उपराष्ट्रपति ने दावा किया कि समिति का गठन संविधान या कानून के किसी प्रावधान के तहत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, और समिति क्या कर सकती है? समिति अधिक से अधिक सिफारिश कर सकती है। सिफारिश किससे और किसलिए धनखड़ ने कहा, न्यायाधीशों के लिए हमारे पास जिस तरह की व्यवस्था है, उसके तहत अंततः एकमात्र कार्रवाई (न्यायाधीश को हटाना) संसद द्वारा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट का स्वाभाविक रूप से कोई कानूनी आधार नहीं होगा। यहां राज्यसभा प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। भले ही इस मामले के कारण शर्मिंदगी या असहजता का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अब समय आ गया है कि इससे पर्दा उठाया जाए। सारी सच्चाई सार्वजनिक मंच पर आने दें, ताकि व्यवस्था को साफ किया जा सके। उन्होंने कहा कि सात दिन तक किसी को इस घटनाक्रम के बारे में पता नहीं था।

धनखड़ ने कहा, हमें खुद से कुछ सवाल पूछने होंगे। क्या देरी के लिए कोई सफाई दी जा सकती है? क्या यह माफी योग्य है? क्या इससे कुछ बुनियादी सवाल नहीं उठते? क्या किसी आम आदमी से जुड़े मामले में चीजें अलग होतीं? उपराष्ट्रपति ने कहा कि शीर्ष अदालत की ओर से मामले की पुष्टि किए जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि इसकी जांच किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अब राष्ट्र बेसब्री से इंतजार कर रहा है। राष्ट्र बेचैन है, क्योंकि हमारी एक संस्था, जिसे लोग हमेशा से सर्वोच्च सम्मान और आदर की दृष्टि से देखते आए हैं, वह अब कठघरे में खड़ी है। कानून के शासन की अहमियत पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र में आपराधिक न्याय प्रणाली की शुचिता ही उसकी दिशा निर्धारित करती है। उन्होंने कहा कि मामले में प्राथमिकी न दर्ज किए जाने के मद्देनजर फिलहाल कानून के तहत कोई जांच नहीं हो रही है।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीआरपीएफ के 86 वें स्थापना दिवस पर नीमच में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## अजमेर दरगाह में शिव मंदिर के दावे पर हाईकोर्ट में सुनवाई, केन्द्र ने अंजुमन कमेटी की याचिका पर उठाए सवाल



जयपुर, (आरएनएस)। राजस्थान हाईकोर्ट में बुधवार को अजमेर दरगाह परिसर में शिव मंदिर होने के दावे से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। यह याचिका दरगाह के खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान की ओर से दायर की गई थी, जिसमें अजमेर की सिविल अदालत में चल रहे वाद की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। याचिका पर सुनवाई जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकल पीठ में हुई। अंजुमन कमेटी की ओर से अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह और वागीश कुमार सिंह ने बहस करते हुए कहा कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 के तहत ऐसे मामलों पर सुनवाई पर रोक है। सुप्रीम कोर्ट भी स्पष्ट कर चुका है कि 15 अगस्त 1947 की स्थिति को बरकरार रखा जाए और इस कानून के तहत धार्मिक स्थलों को लेकर नए विवाद न उठाए जाएं। इसके बावजूद अजमेर की सिविल कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है, जो कानून की भावना के विरुद्ध है। इसलिए इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।वहीं, केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल आरडी रस्तोगी ने अंजुमन कमेटी की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि कमेटी इस वाद में पक्षकार नहीं है, अतः वह इस मामले में याचिका दायर करने की पात्र नहीं है। ऐसे में याचिका सुनवाई योग्य नहीं मानी जानी चाहिए।गौरतलब है कि हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने 23 सितंबर 2024 को अजमेर कोर्ट में वाद दायर कर दावा किया था कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह परिसर में संकट मोचन महादेव का मंदिर स्थित है। इस याचिका में दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को पक्षकार बनाया गया है।





भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के सदस्यों ने भोपाल में राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## जाति जनगणना रिपोर्ट पर कर्नाटक सरकार चर्चा करेगी और फैसला लेगी : खड़गे



नई दिल्ली,(ए)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक सरकार सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट पर मंत्रिमंडल में विचार-विमर्श करेगी और उचित फैसला करेगी। सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट को जाति जनगणना नाम से भी जाना जाता है। खड़गे ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने इसे नहीं देखा है।खड़गे ने कहा कि यह राज्य सरकार पर छोड़ दिया गया है, हर राज्य अपना काम करता है। केंद्र सरकार ने ऐसा नहीं किया। राज्य सरकार मंत्रिमंडल में चर्चा करेगी और फैसला लेगी। मैंने रिपोर्ट नहीं देखी है। मामला राज्य सरकार पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने रिपोर्ट के विरोध के बारे में कहा कि विरोध हो सकता है। मैंने अपनी राय साझा की है।

## अस्पताल में आग, मरीज को निकालने के दौरान ऑक्सीजन मास्क उतरने से मौत

भोपाल (आरएनएस)। मुरैना जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में बुधवार को आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। आग ने मुख्य ऑपरेशन थियेटर, बर्न यूनिट और सर्जिकल वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान तीमारदार अपने मरीजों को बाहर निकालने के लिए दौड़ पड़े। जल्दबाजी में एक मरीज का ऑक्सीजन मास्क उतर गया। पुलिस ने बताया कि दुख की बात यह है कि जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।आग की लपटों से निकलने वाले धुएं ने सर्जिकल वार्ड से सटे गैलरी को तेजी से अपनी चपेट में ले लिया, जिसके कारण सर्जिकल वार्ड और वार्ड नंबर 1 से मरीजों को तुरंत बाहर निकालना पड़ा। कुछ लोगों ने मरीजों को सुरक्षित निकालने में मदद की, जबकि अन्य ने अपने ड्रिप को निकाल लिया और खुद ही बाहर निकल गए।

## अदालत में हम्म करने लगा वकील तो भड़क गए सुप्रीम कोर्ट के जज, कह डाली ये बात

नई दिल्ली(ए)। सुप्रीम कोर्ट के जज आज वकील के हम्म करने पर गुस्सा हो गए। उन्होंने कहा कि पूछा कि आखिर क्यों वकील बिना किसी तैयारी के आ जाते हैं। 'बार एंड बेंच' के अनुसार, एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस पारदीवाला ने पूछा, सेशन केस नंबर क्या है? इस पर वकील ने जवाब दिया, यह क्या होता है? इस पर जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि गुड, चार्ज कब फ्रेम किए गए? वकील ने चार्ज की जगह चार्जशीट का जिक्र कर दिया और कहा कि चार्जशीट फाइल की जा चुकी है। कोर्ट ने फिर गुस्से में पूछा कि मैं चार्ज के बारे में पूछ रहा हूं। इसके बाद कोर्ट ने झल्लाते हुए चार्ज की स्पेलिंग भी बताईजब जस्टिस पारदीवाला ने पूछा कि



अपराध कब हुआ था तो इस पर भी वकील के पास कोई जवाब नहीं था। वकील ने हम्म में जवाब दिया, जिस पर जज भड़क गए। उन्होंने कहा कि वकील बिना किसी तैयारी के रोजाना कोर्ट में कैसे पेश हो सकते हैं? रोजाना ऐसा होता है! मेरा भाई धैर्यवान है। मैं शांत नहीं रह सकता। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस पारदीवाला ने मुकदमों के लंबित रहने पर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमें यह देखकर दुख हो रहा है कि 6.5 साल से मुकदमा लंबित है और केवल 23 गवाहों की जांच की गई है। हम यह समझने में विफल रहे कि 6.5 साल में 23 गवाहों की जांच कैसे की गई। भले ही अपराध गंभीर हो, लेकिन आरोपी को त्वरित सुनवाई का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा कि यह बार-बार माना गया है कि अगर अत्यधिक देरी हुई है, तो आरोपी को हमेशा जमानत दी जा सकती है। हालांकि यहां हम जमानत नहीं दे रहे हैं..लेकिन हम ट्रायल कोर्ट को 6 महीने के भीतर फैसला सुनाने के लिए एक आखिरी मौका देते हैं।

## लोगों के नाखूनों से अचानक निकल रहा खून, रहस्यमयी बीमारी से मची दहशत

नई दिल्ली(ए.)। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव तहसील में उस समय हड़कंप मच गया जब लोग एक रहस्यमयी बीमारी का शिकार होने लगे। जानकारी के अनुसार कई गांवों में लोगों के अचानक नाखून गिरने लगे, जिससे दहशत फैल गई। कई महीनों पहले कई लोगों को तथाकथित 'गंजा वायरस' के कारण गंभीर बाल झड़ने की समस्या का सामना करना पड़ा था।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह चिंताजनक स्थिति पहली बार दिसंबर 2024 में सामने आई थी, जब बोंडगांव और उसके पड़ोसी गांवों के लगभग 300 ग्रामीणों ने तेजी से बाल झड़ने की शिकायत की थी।





## अंतर राज्यीय तस्कर नारकोटिक्स इन्दौर प्रकोष्ठ मंदसौर की गिरफ्त में



भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। एम पी तस्करी एवं माफियाओं के विरुद्ध जारी अभियान के अंतर्गत धरपकड़ करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केपी राव द्वारा विशेष अभियान आरम्भ किया गया था जिसमे नारकोटिक्स विंग के सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करो की धरपकड़ हेतु समुचित दिशा निर्देश दिए गए थे जो उप पुलिस महानिरीक्षक महेश चंद्र जैन के निर्देशन में नारकोटिक्स मंदसौर की टीम को मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना मिली थी की जियाउद्दीन पिता मो हबीब निवासी ग्राम अरनिया थाना नई आबादी जिला मंदसौर का अपनी कब्जे की काले रंग की अपाचे मो सा में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ Md रखकर मंदसौर नीमच हाइवे से होता हुवा राजस्थान तरफ जा रहा। मुखबिर की सूचना पर निरी. राकेश चौधरी मंदसौर नारकोटिक्स विंग की टीम द्वारा मंदसौर नीमच हाइवे मुल्तान पूरा फंटा पर मुखबिर के बताए अनुसार टीम ने घेराबंदी कर मो सा एवं md सहित पकड़ा, जो एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए कुल मात्रा 514 ग्राम md कीमती करीब 25 लाख 70 हजार रु की पकड़ी एवं प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## शेयर मार्किट में निवेशकों की बल्ले-बल्ले, 25 लाख करोड़ की हुई कमाई

मुंबइ,(ए)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,508 अंक या 1.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 78,553 और निफ्टी 414 अंक या 1.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,851 पर था। चार दिनों में भारत के शेयर बाजार ने 25 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर डाली है।बाजार में तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 1,172 अंक या 2.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,290 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। केवल मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा ही लाल निशान में बंद हुए। सभी सेक्टरोल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं।

## तीसरे दिन भी ईडी के दफ्तर पहुंचे रॉबर्ट वाड्रा, प्रियंका गांधी भी दिखीं साथ

### -लगातार दो दिनों में 11 घंटे की लंबी पूछ-ताछ

नई दिल्ली,(ए)। रॉबर्ट वाड्रा तीसरे दिन गुरुवार को भी ईडी के दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी नजर आईं। ईडी ने समन भेजकर वाड्रा को पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया था, इसके चलते मंगलवार को वो ईडी के दफ्तर पहुंचे थे,



जहां उनसे 5 घंटे पूछताछ की गई थी, इसके बाद बुधवार को भी वाड्रा ईडी दफ्तर पहुंचे थे, जहां उनसे 6 घंटे तक पूछताछ हुई और अब तीसरे दिन गुरुवार को फिर वाड्रा ईडी के समक्ष पेश हुए।हरियाणा के शिकोपुर लैंड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच का सामना कर रहे रॉबर्ट वाड्रा गुरुवार को लगातार तीसरे दिन ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनकी पत्नी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी उनके साथ मौजूद रहीं। वाड्रा से ईडी द्वारा बुधवार को करीब 6 घंटे और मंगलवार को साढ़े 5 घंटे पूछताछ की गई थी। अब तक कुल मिलाकर 11 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की जा चुकी है।यह मामला वर्ष 2008 में गुरुग्राम के मानेसर-शिकोहपुर इलाके में खरीदी गई जमीन से जुड़ा बताया गया है, जिसे कथित तौर पर वाड्रा की कंपनी स्काइलाइट हॉस्पिटलिटी ने 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा और 2012 में डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेचा जाना दृष्टव्य है। इस सौदे से कंपनी को लगभग 50 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। इस लेन-देन पर विवाद तब खड़ा हुआ जब वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अशोक खेमका ने इस जमीन के म्यूटेशन को रद्द कर दिया





# मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री यादव की मौजूदगी में प्रारंभ होगी 'वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

## जनजातीय जीवन और प्रकृति पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूँगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी।

**प्रमुख विषय : वन संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक प्रबंधन**

राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू



से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे। कार्यशाला में डॉ. योगेश गोखले, डॉ. राजेन्द्र दहातोंडे आदि वक्ता विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन राज्यपाल श्री पटेल समापन सत्र को करेंगे संबोधित राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष हर्ष चौहान समापन वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में वनीकरण, जलवायु संवेदनशीलता और वनवासी समुदायों की समावेशी भागीदारी पर केन्द्रित डॉक्युमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला वनों, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों और जनजातीय आजीविका को केंद्र में रखते हुए एक सतत और न्यायसंगत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### जल संरक्षण के संदेश के साथ बच्चों ने उकेरी रंगों की दुनिया

भोपाल (आरएनएस)। जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत गुरुवार को भोपाल स्थित सेक्टर क्रमांक-5, रातीबड़ की केकड़ियां भानपुर शासकीय माध्यमिक शाला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण का कार्य ब्लॉक समन्वयक सुश्री टीना शर्मा द्वारा किया गया।

## राज्यमंत्री गौर ने किया क्षेत्र का औचक निरीक्षण,जनसमस्याओं का किया त्वरित निराकरण

भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने क्षेत्र के विकास के लिए अधिकारियों से रोडमैप बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी कार्य में देरी न हो। राज्यमंत्री गौर लगातार क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर रही हैं और रहवासियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर रही हैं।राज्यमंत्री गौर ने नारायण नगर नर्मदापुरम रोड के श्रीदुर्गा मंदिर से भ्रमण की शुरुआत की। जहां रहवासियों ने पानी की समस्या से उन्हें अवगत कराया। इसपर राज्यमंत्री गौर ने अधिकारियों को सम्पवेल को जल्द से जल्द शुरु करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी सप्लाई की समय सीमा तय करें, जिससे आम



लोगों को परेशानी न हो। राज्यमंत्री गौर ने नारायण नगर की सीवेज लाइन को अमृत फेज 2 में शामिल कर इंटरनल नेटवर्क का रोडमैप तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। राज्यमंत्री गौर ने बावड़ियाकलां, आमनगर, डीके कॉटेज का भी भ्रमण किया। यहां के रहवासियों ने बताया कि उनके क्षेत्र की संजीवनी अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को ठेकेदार ने लंबे समय से काम रोक कर रखा है। इसपर राज्यमंत्री गौर ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट घोषित कर किसी अन्य एजेंसी से कार्य को पूरा कराने के लिए कहा। उन्होंने क्षेत्र में हाईमास्क और पार्क का निर्माण भी कराने के निर्देश भी दिए। ऋषि वैली, रोहित नगर के रहवासियों ने अवैध निर्माण के चलते बंद हो चुके नाले की समस्या से अवगत कराया। राज्यमंत्री गौर ने बिल्डर को नोटिस देकर अवैध निर्माण को रोकने के निर्देश दिए। सलैया मिसरोद में फॉरच्यून लैंडमार्क, आईबीडी कालोनी और आकृति ग्रीन के लोगों ने पानी, बिजली और कचरे की समस्या से अवगत कराया। राज्यमंत्री गौर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि डोर-टू-डोर कचरा उठाने की व्यवस्था करें।

## देर रात बाइक शोरूम के वर्कशॉप में आग लगने से मचा हड़कंप

**-4 दमकलो की मदद से 1 घंटे में पाया काबू, लाखो का माल जला**

भोपाल(ए)। शहर के रायसेन रोड स्थित एक बाइक शोरूम के वर्कशॉप में बुधवार रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। तेजी से फैलती आग ने विकराल रुप धारण कर लिया जिसकी चपेट में आने से वर्कशॉप में रखे गाड़ियों के पार्ट्स सहित अन्य सामान पूरी तरह से जल गया। जानकारी के अनुसार रात करीब पौने 9 बजे प्रभात चौराहे से थोड़ी दूरी पर अप्सरा टॉकीज के पास सुरजीत बजाज के वर्कशॉप के शटरों से धुआं निकलता देख फायर स्टेशन को जानकारी दी गई। खबर मिलते ही गोविंदपुरा, पुल बोगदा फायर स्टेशन से 4 दमकलो सहित वाटर टैंकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरु कर दिये। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद पर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन भीषण आग की चपेट में आकर वर्कशॉप में रखा सामान पूरी तरह जल गया। फिलहाल आग लगने का कारण साफ नहीं हो सका है।

## टिकट दलालों पर रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्रवाई



भोपाल (निप्र)। भारतीय रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन उपलब्ध के तहत माह जनवरी 2025 से 15 अप्रैल 2025 के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत 13 प्रकरण दर्ज कर 14 व्यक्तियों की गिरफ्तारी करते हुए 16 लाख 8 हज़ार 371 रूपये की रेल टिकट जब्त की गई। रेलवे एक्ट 143 के तहत, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध तरीके से व्यापार करना, अधिक दाम पर बेचना या अन्य किसी तरीके से टिकटों की कालाबाजारी करना कानूनी अपराध है। इस एक्ट के तहत जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है।

मुख्य बिंदुः- 1) कानूनी कार्रवाई: दोषियों के खिलाफ जुर्माना और दण्ड का प्रावधान। 2) अवैध गतिविधियों पर रोक: टिकटों की कालाबाजारी और अवैध बुकिंग पर नियंत्रण। 3) रेलवे प्रशासन की पहल: यात्रियों को सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

रेलवे विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट केवल आधिकारिक रेलवे काउंटरों और ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्मों से ही बुक करें। अवैध बुकिंग से बचने के लिए कृपया हमेशा अधिकृत स्त्रोतों से ही टिकट प्राप्त करें। रेलवे सुरक्षा बल की यह कार्रवाई यात्रियों को सुरक्षित यात्रा की सुनिश्चितता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बेजुबान बकरे को बेरहमी से मारने वाले हैवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल में पशु क्रूरता का बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हुए एक वीडियो से लोगो में आक्रोश फैल गया। इस वीडियो में एक युवक बकरे के पैर बांधकर उसे बेरहमी से पीटते हुए दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो कोतवाली थाना क्षेत्र के नूर महल इलाके में स्थित अल रशीद अस्पताल के पास का बताया गया था। वीडियो में नजर आ रहा है एक युवक बकरे के पैर बांधकर उसे लात-घूसों से बेरहमी से पीट रहा है। बेजुबान पशु के साथ क्रूरता का वीडियो वायरल होने पर पशु प्रेमियो में आक्रोश फैल गया। इसके बाद पशु प्रेमी हैवान बने युवक की जानकारी जुटाने के बाद कोतवाली थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस का कहना है कि कबीरा भम्बानी की शिकायत पर आरोपी आजमी के खिलाफ पशु क्रुरता की धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है, वहीं घटना स्थल इमामी गेट का बताया जा रहा है।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला का लोकार्पण किया।

## ताप विद्युत गृहों की ऊर्जा कुशलता से आयी ट्रिपिंग में कमी और घटी विद्युत उत्पादन लागत

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 4 ताप विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऑपरेशन (संचालन) क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूर्व की तुलना में अधिक उत्पादन किया। साथ ही विद्युत गृहों की ट्रिपिंग दर पूर्व की तुलना में कम हो गई। विद्युत गृहों के ऑपरेशन में ट्रिपिंग, विशिष्ट तेल की खपत में कमी,



ऑक्जलरी कंजम्पशन महत्वपूर्ण मापदंड हैं। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों की 12 विद्युत यूनिट ने इन मापदंडों में महत्वपूर्ण उपलब्धिहासिल की है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ताप विद्युत गृहों की इस उपलब्धि पर इंजीनियरों, तकनीशियनों और संचालन टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रबंधन नीति, तकनीकी उन्नयन व कड़ाई से ऑपरेशन नियमों का पालन करने से यह लक्ष्य हासिल किया गया। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की यूनिट में किए गए सुधार कार्य व बेहतर मेंटेनेंस के कारण ट्रिपिंग में उल्लेखनीय कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत गृहों में मात्र 85 ट्रिपिंग दर्ज की गईं। इससे पूर्व वर्ष 2019-20 में 150 ट्रिपिंग दर्ज होती रही हैं। पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा विद्युत उत्पादन लागत में कमी के लगातार प्रयास किए गए। इससे ताप विद्युत यूनिट की विशिष्ट तेल खपत वर्ष 2024-25 में 0.51 मिलीलीटर प्रति यूनिट रही।

# गोरखपुर मंडल में इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली ट्रेने निरस्त

भोपाल (निप्र)। उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर मंडल के गोरखपुर जं - गोरखपुर कैंट खंड के मध्य तीसरी लाइन के इंटरलॉकिंग कार्य के कारण भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियाँ अपनी निर्धारित तिथियों में निरस्त रहेंगी। 1. गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 17 अप्रैल एवं 02 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस दिनांक 19 अप्रैल एवं 03 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 3. गाड़ी संख्या 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस दिनांक 27 अप्रैल, 01, 02 एवं 04 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 4.गाड़ी संख्या 12512 कोचुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 30 अप्रैल, 04, 06 एवं 07 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 5. गाड़ी संख्या 12589 गोरखपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस दिनांक 30 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 6. गाड़ी संख्या 12590 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 01 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 7.गाड़ी संख्या 12591 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस दिनांक 26 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 8.गाड़ी संख्या 12592 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 28 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 9.गाड़ी संख्या 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. एक्सप्रेस दिनांक 22 एवं 29 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 10.गाड़ी संख्या 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 23 एवं 30 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 11.गाड़ी संख्या 15017 लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 27




अप्रैल से 03 मई 2025 तक प्रतिदिन निरस्त रहेगी। 12.गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस दिनांक 27 अप्रैल से 03 मई 2025 तक प्रतिदिन निरस्त रहेगी। 13. गाड़ी संख्या 15023 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस दिनांक 22 एवं 29 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 14.गाड़ी संख्या 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 24 अप्रैल एवं 01 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 15. गाड़ी संख्या 15029 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस दिनांक 24 अप्रैल एवं 01 मई 2025 को निरस्त रहेगी।16.गाड़ी संख्या 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 26 अप्रैल एवं 03 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 17.गाड़ी संख्या 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस दिनांक 24 अप्रैल एवं 01 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 18.गाड़ी संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 27 अप्रैल एवं 04 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 19.गाड़ी संख्या 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस दिनांक 15, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 24, 25, 27, 28, 29 अप्रैल एवं 01, 02, 04 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 20. गाड़ी संख्या 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 16, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29, 30 अप्रैल एवं 02, 03, 05 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 21. गाड़ी संख्या 15067 गोरखपुर-बांद्रा ट. एक्सप्रेस दिनांक 16, 23 एवं 30 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 22. गाड़ी संख्या 15068 बांद्रा ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई 2025 को निरस्त रहेगी। 23.गाड़ी संख्या 20103 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस दिनांक 19 अप्रैल से 02 मई 2025 तक प्रतिदिन निरस्त रहेगी। 24.गाड़ी संख्या 20104 लोकमान्य तिलक ट.-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 20 अप्रैल से 03 मई 2025 तक प्रतिदिन निरस्त रहेगी। 25. गाड़ी संख्या 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस दिनांक 28 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। 26.गाड़ी संख्या 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 30 अप्रैल 2025 को निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## विविध-समाचार

### सीएसएमटी-गोरखपुर-सीएसएमटी के मध्य अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन

**पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव**

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01021/01022 सीएसएमटी-गोरखपुर-सीएसएमटी के मध्य एक-एक ट्रिप अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन चल रही है। यह अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जा रही है। इस गाड़ी में 14 द्वितीय चेयरकार श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 16 कोच है। गाड़ी संख्या 01021 सीएसएमटी से गोरखपुर अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 16 अप्रैल 2025 को सीएसएमटी स्टेशन से रात 22:30 बजे प्रस्थान कर, इटारसी दोपहर 13:05 बजे, जबलपुर शाम 17:00 बजे, कटनी 19:00 बजे, सतना रात 21:00 बजे पहुँचकर और दूसरे दिन दोपहर 14:30 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01022 गोरखपुर से सीएसएमटी अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 18 अप्रैल 2025 को गोरखपुर स्टेशन से शाम 16:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना सुबह 08:40 बजे, कटनी 10:05 बजे, जबलपुर दोपहर 12:10 बजे, इटारसी शाम 17:00 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन सुबह 08:30 बजे सीएसएमटी स्टेशन पहुँचेगी। गाड़ी के ठहरावः- यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुरएवं मऊ स्टेशनों पर रुकेगी। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन वेबसाइड प्राप्त कर सकते हैं।

### धना-बरौनी-उधना के मध्य 11-11 ट्रिप चलेगी स्पेशल ट्रेन

**पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी से गुजरेगी**

भोपाल (निप्र)। समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना-बरौनी-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 11-11 ट्रिप रेल प्रसाशन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर एवं कटनी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09037 उधना-बरौनी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 20 अप्रैल से 29 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को उधना स्टेशन से प्रातः 05:45 बजे प्रस्थान कर, इटारसी शाम 18:30 बजे, जबलपुर रात 21:50 बजे, कटनी 23:20 बजे पहुँचकर अगले दिनसतना मध्य रात्रि 00:30 बजे और सोमवार दोपहर 15:00 बजे बरौनी स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09038 बरौनी-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को बरौनी स्टेशन से शाम 18:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 10:40 बजे, कटनी 11:50 बजे, जबलपुर दोपहर 13:50 बजे, इटारसी 17:20 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन बुधवार भोर 04:00 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 18 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, पालधी, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर एवं मोकामा स्टेशनों पर रुकेगी। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।


### मेरा ईकेवायसी ऐप से राशन के पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी-खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस) प्रदेश में पीडीएस अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी गुरूवार से उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए मेरा ई-केवायसी ऐप प्रदेश में लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से राशन लेने वाले वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चों सहित कोई भी हितग्राही किसी भी एन्ड्राइड मोबाईल फोन से अपना और अपने परिजन का आधार नम्बर ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं।मंत्री राजपूत ने बताया है कि ऐप के साथ ही राशन लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर जिले में गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी कराने के लिए शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविर में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, वार्ड प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के दल द्वारा पीओएस मशीन को शिविर में ले जाकर हितग्राहियों के अंगूठे लगाकर उनकी ई-केवायसी की जा रही है।खाद्य मंत्री ने प्रदेश के सभी राशन लेने वाले हितग्राही, जिन्होने अभी तक ई-केवायसी नहीं करवाई है, उन सभी से अपील की है कि अभियान के तहत मोबाईल फोन अथवा पीओएस मशीन से अतिशीघ्र अपनी और अपने परिवारजनों की शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करायें। इससे मई माह से आप सभी को सुविधापूर्वक राशन प्राप्त हो सकेगा।

### मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

भोपाल (आरएनएस)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आसान बना दिया गया है। कल्याणी महिला (विधवा महिला) सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के विवाह पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। मंत्री कुशवाह ने सभी जिलाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण के निर्देश दिए है।प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण सोनाली वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश में निवासरत कल्याणी बहनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना में कल्याणी बहनों को विवाह उपरांत 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा योजनांतर्गत आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाया गया है।

# पत्नी को छत से फेंका, हत्या के दोषी मां-बेटे को उम्रकैद, सात साल के बेटे की गवाही पर कोर्ट का फैसला



ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर के जिला न्यायालय ने पत्नी की हत्या करने के एक मामले में सेना के पूर्व जवान और और उसकी मां को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने यह फैसला मृतका के सात साल के बेटे की गवाही के आधार पर सुनाया है। दरअसल, साल 2020 में गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में रहने वाले आर्मी से रिटायर्ड राकेश सिकरवार की पत्नी अनुराधा की छत से गिरने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। राकेश और उसकी मां ने अनुराधा की मौत को एक हादसा बताया गया था। लेकिन, पुलिस ने मामले की छानबीन की तो अनुराधा की हत्या की बात सामने आई। अनुराधा को पति राकेश सिकरवार और उसकी सास मालती सिकरवार ने छत से धक्का दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस हत्या का चश्मदीद गवाह कोई और नहीं, मृतका अनुराधा सिकरवार का सात साल का बेटा था। उसने सहज भाव से घटना का पूरा आंखों देखा हाल पुलिस को सुनाया। इसके बाद पुलिस आरोपी पति और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने तमाम साक्ष्य एकत्रित कर कोर्ट में मामले का चालान पेश किया। पांच साल चली सुनवाई के दौरान अनुराधा के बेटे की गवाही भी हुई। बच्चे की गवाही के आधार पर कोर्ट ने आरोपी मां-बेटे को अनुराधा की हत्या का दोषी माना और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता जगदीश शाक्यवार ने बताया कि अनुराधा की हत्या से पहले भी उसे दहेज के लिए आरोपियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। मामला थाने तक भी पहुंचा, लेकिन राजीनामा होने के बाद अनुराधा वापस ससुराल लौट गई थी। अनुराधा की हत्या से कुछ दिन पहले ही उसका पति राकेश आर्मी से रिटायर्ड हुआ था।

# नरवाई प्रबंधन एवं ग्रीष्मकालीन धान की बजाय अन्य फसलों के प्रति किसानों को किया जागरुक

## जनपद पंचायत भितरवार के सभागार में हुई कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा

ग्वालियर (ए.)। नरवाई प्रबंधन एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर कम पानी, कम लागत व कम समय में अच्छी पैदावार देने वाली फसलों के प्रति किसानों को आकर्षित करने के लिये जिले में कृषक जागरूकता कार्यक्रम व कृषक संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। इस कड़ी में गुरुवार को जनपद पंचायत भितरवार के सभागार में एक दिवसीय कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत भितरवार की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी नारायण सिंह राजे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने इस अवसर पर आह्वान किया कि पानी हमारी प्रमुख संपदा व जीवनदायी है। इसलिये पानी की बचत करें और धान की बजाय कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली फसलें उगाएं। कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालियर के वैज्ञानिक डॉ. राजीव चौहान ने कार्यक्रम में किसानों को धान की फसल के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मूँग एवं कद्दू वर्गीय फसलें लगाने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। भितरवार के एसडीएम देवकीनंदन सिंह ने किसानों से कहा कि पराली जलाना हर तरह से हानिकारक है। साथ ही कानूनी रूप से भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा यदि किसी ने पराली जलाई तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आर एस शाक्यवार ने किसानों से कहा कि नरवाई जलाने के बजाय हैप्पी सीडर के माध्यम से बुवाई करना चाहिए। इससे लागत भी कम आयेगी। साथ ही पराली का उपयोग खाद के रूप में होगा। उन्होंने किसानों की आय दोगुना करने के संबंध में भी उपयोगी बातें बताईं।

## खेलो बड़ो योजना के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं ने देखी स्टेडियम की खेल सुविधा

### छात्र-छात्राएं खेलों मै भी बना सकते हैं अपना करियर - श्री रावत

दतिया (ए.)। आज मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण संचनालय भोपाल द्वारा चलाई जा रही खेलो बड़ो योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी छात्र-छात्राओं जोड़कर आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दतिया जिले में खेलो बड़ो योजना के दूसरे चरण में स्कूली खेल प्रतिभाओं को जिले की खेल अधोसंरचना की विजिट कराकर सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत आज गुरूवार को दतिया स्टेडियम पर शासकीय कन्या हाई स्कूल होलीपूरा और विद्यासागर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्टेडियम की विजिट भ्रमण करवाया गया। छात्रों को युवा समन्वयक संजय रावत विकासखंड दतिया और खेल प्रशिक्षक राजेंद्र तिवारी द्वारा विभिन्न खेल सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## सात मौतों का आरोपी बोला मेरा नाम खराब करने रची जा रही साजिश,पुलिस को मिली एक दिन की रिमांड

दमोह (ए.)। दमोह के मिशन अस्पताल में सात हृदय रोगियों की मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए नरेंद्र यादव उर्फ एनजॉन केम को गुरुवार को फिर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। कोर्ट से बाहर निकलते वक्त नरेंद्र यादव ने कहा कि उसके नाम को खराब करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस आरोपी को फिर से रिमांड पर ले गई है। बता दें कि आरोपी डॉक्टर को सात अप्रैल को दमोह पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया था। देर रात पुलिस उसे दमोह लेकर पहुंची थी। आठ अप्रैल को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां पुलिस ने न्यायालय से आरोपी की 5 दिन की पुलिस रिमांड मांगी थी, जो मंजूर हो गई थी। इसके बाद 13 अप्रैल को फिर पुलिस ने चार दिन की रिमांड मांगी, जिसे न्यायालय ने मंजूरी कर लिया था। गुरुवार को 4 दिन की रिमांड पूरी हो रही थी। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को न्यायालय में पेश किया और फिर से एक दिन की रिमांड मांगी।

## नरवाई जलाने पर चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

दतिया (ए.)। कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति की दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में जिला दतिया की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र हेतु नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाते हुए खड़ी फसलों के डंठल (नरवाई) एवं फसल अवशेष में आग लगाने पर प्रतिबंधित किया गया था। तहसील सेवढा अंतर्गत ग्राम दिगुवा, मुकारिकपुरा व तसहील दतिया अंतर्गत ग्राम कमरारी में खेतों के भूमि स्वामियों अरूण पाल पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी दिगुवां, दयाशंकर राजपूत, गोविंद यादव आदि 15 भूमि स्वामी निवासी मुबारिकापुरा, सोवरन यादव पुत्र प्रेमसिंह यादव निवासी कमरारी द्वारा नरवाई में आग लगाई जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

## नौ माह का बच्चा चुपचाप उठा ले गई महिला, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



इंदौर (ए.)। इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित गौरी नगर में गुरुवार सुबह 9 माह के बच्चे नकुल का अपहरण हो गया। परिजन उस समय चौंक गए जब बच्चा घर में नहीं मिला और उसकी तलाश शुरू कर दी। बच्चे के पिता संतोष सेन ने तुरंत पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें एक अज्ञात महिला को बच्चे को उठाकर ले जाते हुए देखा गया। घटना के समय बच्चा कमरे में अकेला था, जबकि उसकी मां घर के कामों में व्यस्त थी और बड़ा भाई मोबाइल चला रहा था। सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हुआ कि महिला ने पहले घर में झांका और केवल बच्चे को देखकर अंदर प्रवेश कर लिया। उसने मौके का फायदा उठाकर चुपचाप बच्चे को गोद में उठाया और वहां से निकल गई। कुछ समय बाद बच्चे के बड़े भाई ने मां को बताया, मां वो...भय्यू को ले गई। मां ने तुरंत बाहर आकर देखा तो बच्चा गायब था। घबराए परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, पुलिस ने चार टीमें गठित की थीं, जिन्होंने तेजी से कार्रवाई करते हुए महिला को पीसी सेठी अस्पताल के पास से बच्चे के साथ बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा जुटाए गए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर स्थानीय लोगों ने महिला की पहचान कर ली। आरोपी की पहचान बबीता उर्फ भूरी चौरसिया के रूप में हुई, जो कि गौरी नगर की ही रहने वाली है।

## तीन दिनों तक विशेष मुहिम चलाकर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का करें निराकरण

ग्वालियर (ए.)। सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर आईं शिकायतों को गंभीरता से लें। अगले तीन दिनों तक विशेष मुहिम चलाकर 50 दिन से अधिक पुरानी शिकायतों का निराकरण करें। इस आशय के निर्देश अपर जिला दण्डाधिकारी टी एन सिंह ने भितरवार व चीनौर में आयोजित हुई राजस्व अधिकारियों एवं आरआई व पटवारियों की संयुक्त बैठक में दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा भी बैठक में की। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से अपर जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने गुरुवार को भितरवार व चीनौर पहुँचकर अधिकरियों की बैठक ली। उन्होंने सभी तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि पटवारी स्तर तक प्राप्त सभी आवेदनों को आरसीएमएस में दर्ज कर उनका निराकरण कराएं।

## दो मित्रों के बीच खौफनाक खूनी संघर्ष, गुस्से में दांत से काटकर अलग कर दिया हाथ का अंगूठा

शहडोल (ए.)। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के चित्रांव गांव में एक गंभीर घटना सामने आई है। दो पूर्व मित्रों के बीच मामूली बात ने खूनी संघर्ष को जन्म दिया, जिसमें एक व्यक्ति ने दूसरे का अंगूठा दांतों से काटकर अलग कर दिया। पुलिस ने बताया कि विकास गुप्ता और अंबर गुप्ता, जो कभी घनिष्ठ मित्र रहे हैं। दोनों के बीच किसी रंजिश के चलते विवाद की शुरुआत हुई। दोनों ने एक समय गुजरात में एक साथ काम किया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवाद की शुरुआत काम से जुड़ी किसी पुरानी बात को लेकर हुई। पहले तीखी बहस और फिर हाथापाई तक मामला पहुंच गया। इस घटना में एक युवक ने दोस्त के हाथ पर हमला करते हुए दांत से काटकर हाथ का अंगूठा अलग कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना के समय अंबर गुप्ता ने गुस्से में आकर विकास गुप्ता के हाथ पर हमला किया, जिससे उसका अंगूठा पूरी तरह से अलग हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हिंसक वारदात ने गांव में सनसनी फैला दी। लोगों ने तुरंत दोनों को अलग कर अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। वहीं अंबर गुप्ता को भी चोटें आई हैं।

## छपारा में लूट की वारदात का खुलासा, चार युवक गिरफ्तार, मारपीट कर की थी लूटपाट



सिवनी (ए.)। सिवनी जिले की थाना छपारा पुलिस ने 15 अप्रैल की रात हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए तीन मोबाइल फोन, नकदी, दस्तावेज और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। सभी आरोपी छपारा क्षेत्र के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवर ने बताया कि 15 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे कृषि फार्म के पास 18 वर्षीय युवक रामदास इरपाचे के साथ चार लोगों ने मारपीट कर लूटपाट की थी। शिकायत के अनुसार, बाइक सवार चार युवकों ने रास्ता रोककर रामदास के साथ हाथापाई की और उसके इनफिनिक्स, रेडमी और आईटेल ब्रांड के मोबाइल फोन, 650 रुपए नकद, पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड और इंडियन बैंक का एटीएम कार्ड लूट लिया। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल केस दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने शेख वकील उर्फ वकालत (28), शेख नासिब उर्फ शेख नसीम (26), अभिषेक श्रीवास्तव (22) और सत्यम गौतम (20) को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर चारों ने लूट की वारदात में शामिल होने की बात कबूल कर ली।

# व्यापार समाचार

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.39 पर बंद हुआ। आज सुबह घरेलू शेयर बाजारों में विदेशी पूंजी के प्रवाह तथा अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया लगातार चौथे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और शुरुआती कारोबार में 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि शेयर बाजार में सुस्त धारणा और कच्चे तेल की कीमतों में मामूली सुधार से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.48 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.54 पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के परिधान निर्यात में जबरदस्त उछाल



नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 6.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि के लिए परिधान क्षेत्र अहम रहा। एक विश्लेषण से पता चलता है कि वस्त्र और परिधान के निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से परिधान निर्यात के कारण हुई है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान 10.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।सीआईटीआई के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने कहा, 卐वैश्विक चुनौतियों के बीच परिधान निर्यात में मजबूत प्रदर्शन और वस्त्रों में स्थिर वृद्धि भारतीय वस्त्र और परिधान उद्योग की मजबूती, अनुकूलनशीलता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को उजागर करती है।卐उन्होंने इसका श्रेय 'नए व्यापार गठबंधन बनाने' की बढ़ती गति और सरकार द्वारा सहायक नीतिगत निर्णयों को दिया, जिससे निर्यातकों के बीच विश्वास पैदा करने में मदद मिली।मेहरा ने इस बात पर भी जोर दिया कि उद्योग इस वृद्धि को बनाए रखने को लेकर खासकर विकसित हो रहे वैश्विक व्यापार गतिशीलता को देखते हुए आशावादी बना हुआ है। उन्होंने कहा, 卐अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार तनाव भारत के लिए खासकर कपड़ा और परिधान व्यापार में एक रणनीतिक अवसर प्रस्तुत करते हैं। अमेरिका द्वारा चीन से परे भारत एक विश्वसनीय और पसंदीदा भागीदार के रूप में उभरने की अच्छी स्थिति में है। हालांकि, इसके लिए सक्रिय कूटनीति और अधिक अनुकूल और स्थिर टैरिफ व्यवस्था को सुरक्षित करने के लिए एक ठोस प्रयास की जरूरत होगी।卐इस वर्ष मार्च के दौरान, भारतीय कपड़ा निर्यात मार्च 2024 की तुलना में लगभग 5.81 प्रतिशत कम था, जबकि इसी अवधि के दौरान परिधान निर्यात में 3.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## राजस्थान में छोटे व्यापारियों के लिए जियो साउंड पे ने आसान बनाया यूपीआई भुगतान

जयपुर(आरएनएस)। रिलायंस जियो के जियो भारत फोन का साउंड पे फीचर राजस्थान में छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान को आसान और किफायती बना रहा है। जहां अन्य यूपीआई प्लेटफॉर्म 125 रुपए प्रति माह चार्ज करते हैं, वहीं जियो भारत फोन में यह सेवा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क और डिवाइस के उपलब्ध है। इस सुविधा के जरिए व्यापारियों को रियल-टाइम ऑडियो पेमेंट अलर्ट मिलता है।


राजस्थान में लगभग 26.87 लाख एमएसएमई संचालित हैं, जिनमें थोक और खुदरा व्यापारी भी शामिल हैं। उनके लिए जियो भारत फोन एक किफायती डिजिटल लेनदेन उपकरण साबित हो रहा है। सिर्फ 699 रुपए की कीमत में मिलने वाला यह 4जी फोन सालाना 1500 रुपए की बचत कराता है। साथ ही, इसमें जियो पे, जियो सिनेमा, जियो सावन और 455 प्लस लाइव टीवी चैनल जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

अजमेर की ई-मित्र संचालक गायत्री तुनवाल ने बताया कि अब वह यूपीआई भुगतान की जानकारी के लिए एंड्रॉयड फोन की जगह जियो भारत फोन इस्तेमाल कर रही हैं। उनका फोन यूपीआई पेमेंट की सूचना खुद देता है, जिससे महंगे साउंड बॉक्स की जरूरत खत्म हो गई।

सवाई माधोपुर के मोबाइल दुकानदार दीपेश जैन ने बताया कि जहां अन्य प्लेटफॉर्म केवल भुगतान अलर्ट प्रदान करते हैं, वहीं जियो भारत फोन एक संपूर्ण डिजिटल पैकेज है, जो मनोरंजन और अन्य आवश्यक ऐप्स की सुविधा भी देता है। जयपुर के अचरोल क्षेत्र के बन्ना गुर्जर ने कहा, जियो भारत फोन पर स्विच करने से न केवल पैसे की बचत हुई है, बल्कि डिजिटल लेन-देन भी आसान हो गया है।

जियो भारत फोन की यह सुविधा छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान को अधिक किफायती और सुविधाजनक बना रही है।


## कैरियर माइडिया इंडिया ने पैन-इंडिया स्टार रश्मिका मंदाना को माइडिया एचवीएसी का ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया




पटना ,(आरएनएस)। भारतीय एयर कंडीशनिंग उद्योग में जाने-माने नाम कैरियर माइडिया इंडिया ने एचवीएसी कैटेगरी में अपने माइडिया ब्राण्ड के लिए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। भारत में एयर कंडीशनिंग के प्रतिस्पर्धी बाज़ार में माइडिया एचवीएसी की स्थिति को मजबूत बनाना और मार्केटिंग के ज़रिए ब्राण्ड की पंहुच बढ़ाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है।

यह साझेदारी ऐसे समय में की गई है जब बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती डिस्पोज़ेबल आय और उर्जा दक्ष कूलिंग समाधानों पर बढ़ते फोकस के साथ भारत का एयर कंडीशनिंग सेगमेन्ट विकास के दौर से गुज़र रहा है। उम्मीद है कि अगले पांच सालों में यह सेक्टर अच्छी दर से विकसित होगा, जिससे विश्वस्तरीय एवं स्वदेशी प्लेयर्स के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।इस साझेदारी पर बात करते हुए संजय महाजन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कैरियर माइडिया इंडिया ने कहा, ''भारत का एयर कंडीशनिंग उद्योग तेज़ी से विकसित हो रहा है और उपभोक्ता ऐसे ब्राण्ड्स की उम्मीद रखते हैं जो न सिर्फ उनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लेकर आएं बल्कि उनके साथ भावनात्मक संबंध भी बनाएं। माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ रश्मिका मंदाना की साझेदारी हमारी स्थिति को और मजबूत बनाएगी। इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए रश्मिका मंदाना ने कहा, ''माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, एक ऐसा ब्राण्ड जो सही मायनों में आज के घरों में स्मार्ट एवं प्रभावी कूलिंग का महत्व समझता है। बढ़ते तापमान और उर्जा की बढ़ती चिंता के बीच माइडिया के एयर कंडीशनर्स अपने आधुनिक तकनीक वाले समाधानों के साथ नए बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं।

## भारतीय झींगा निर्यातकों ने अमेरिकी झींगा पर डंपिंग का विरोध किया



नई दिल्ली (ए)। भारतीय झींगा निर्यातकों ने अमेरिका के झींगा पर डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्कों की समीक्षा के खिलाफ विरोध जताया है। अगले महीने समीक्षा की आशंका जताते हुए, निर्यातकों ने सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। इन शुल्कों की गणना करने का अमेरिका का फार्मूला गलत बताया गया है। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक एवं मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक ने कहा कि यह शुल्कों की गणना में अंतरिक्ष है और इससे भारतीय व्यापारिक मामलों पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा ?कि अमेरिका का जीरोइंग पद्धति गलत है और भारत के साथ उचित व्यापारिक समझौते की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को संरक्षण देने की जरूरत है ताकि वह अमेरिका में इक्काडोर और वियतनाम से आने वाली प्रतिस्पर्धा का सामना कर सके।

## बढ़ते नुकसान और धीमी होती ग्रोथ से स्विगी के शेयर इस साल 38 प्रतिशत लुढ़के

मुंबई ,(आरएनएस)। फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी के शेयर की कीमत में इस साल अब तक 38 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। स्टॉक के कमजोर प्रदर्शन की वजह नुकसान बढ़ना और अधिक प्रतिस्पर्धा के चलते मार्जिन पर दबाव बढ़ना है।

निफ्टी में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी के मुकाबले स्विगी का शेयर मंगलवार को 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 334.5 रुपए पर सपाट बंद हुआ। यह दिखाता है कि शेयर को लेकर बाजार में सेंटीमेंट सकारात्मक नहीं है।बीते छह महीने में स्विगी के शेयर में 26.64 प्रतिशत की गिरावट हुई है। वहीं, बीते एक महीने में इसका शेयर 6.05 प्रतिशत कमजोर हुआ है।हालांकि, बीते पांच कारोबारी सत्रों में स्विगी के शेयर में 4.29 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, लेकिन व्यापक रुझान नकारात्मक बना हुआ है।

बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) ने स्विगी को डाउनग्रेड कर अंडरपरफॉर्म की रेटिंग दी है। साथ ही टारगेट प्राइस को 420 रुपए से घटाकर 325 रुपए कर दिया है।ब्रोकरेज फर्म ने फूड डिलीवरी सेगमेंट में धीमी वृद्धि और क्विक कॉमर्स सेक्टर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को प्रमुख जोखिम बताया।

बोफा ने कहा कि भारी छूट देने वाली नई कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा और अधिक मार्केटिंग के कारण निकट भविष्य में स्विगी के मुनाफे पर असर पड़ने की संभावना है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि इस बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा के कारण मार्केटिंग खर्च में इजाफा हो सकता है और प्लेटफॉर्म पर अधिक छूट ऑफर कर सकता है और उपभोक्ताओं के लिए डिलीवरी शुल्क में कमी आ सकती है। विश्लेषकों का कहना है कि सबसे बड़ी चिंता यह है कि फूड डिलीवरी से होने वाला मुनाफा, जो कभी एक स्थिर स्रोत था, अब क्विक कॉमर्स में होने वाले घाटे को कवर करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। विश्लेषकों ने कहा कि क्विक कॉमर्स कारोबार का ब्रेकइवन तक पहुंचना अभी मुश्किल है।

# सोना पहली बार 95 हजार पार, बना नया रिकॉर्ड

## - चांदी में आई गिरावट

नई दिल्ली (ए)। देश में सोने की चमक लगातार बढ़ती जा रही है। 16 अप्रैल को सोने ने नया इतिहास रच दिया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 628 रूपये बढ़कर 95,207 रूपये हो गई है। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले यह 94,579 रूपये थी। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है और यह 936 रूपये गिरकर 95,639 रूपये प्रति किलो पर पहुंच गई है।

### सोने की तेजी के तीन बड़े कारण

**अमेरिका-चीन टैरिफ वॉरः**

वैश्विक व्यापार तनाव से मंदी की आशंका बढ़ी है, जिससे निवेशक सोने को सुरक्षित विकल्प मानकर इसमें निवेश कर रहे हैं।

**रुपए की कमजोरीः**

डॉलर के मुकाबले रुपया लगभग 4त्न कमजोर हुआ है, जिससे सोने का आयात महंगा हो गया है और कीमतें बढ़ गई हैं।



**शादी का सीजनः**

आगामी विवाह समारोहों के चलते सोने की गहनों की मांग बढ़ी है। ऊंची कीमतों के बावजूद लोग इसे समृद्धि और निवेश के रूप में खरीद रहे हैं।

**सोने-चांदी की बढ़त**

**सोनाः**

1 जनवरी 2025 को 24 कैरेट सोना 76,162 रूपये प्रति 10 ग्राम था, जो अब 95,207 रूपये हो गया है। यानी अब तक 19,045 रूपये की बढ़त हुई है।

**चांदीः**

इस साल चांदी 86,017 रूपये प्रति किलो से बढ़कर 95,639 रूपये प्रति किलो तक पहुंच चुकी है। यानी 9,622 रूपये की तेजी।

हालांकि, 28 मार्च को चांदी ने ?1,00,934 का ऑल टाइम हाई भी बनाया था।

### साल के अंत तक 1.10 लाख रूपये तक जा सकता है सोना

गोल्डमैन सैक्स जैसी अंतरराष्ट्रीय निवेश बैंक का अनुमान है कि ट्रेड वॉर और मंदी की आशंका के बीच सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है। ऐसे में भारत में इसकी कीमत 10 ग्राम के लिए 1.10 लाख रूपये तक पहुंच सकती है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने बड़ा कदम

भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी-दिसानायके वार्ता में 10 से ज्यादा ठोस परिणाम निकले और सबसे महत्त्वपूर्ण तो यह कि दोनों देश सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग को राजी हुए हैं। बेशक, यह फैसला दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसलिए भी कि यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के करीब 35 साल बाद हुआ है। भारत के लिए मोदी का श्रीलंका दौरा इसलिए भी सफल कहा जा सकता है कि दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा।

जब-जब पड़ोसी चीन श्रीलंका के साथ दोस्ताना होता है, तब-तब भारत की पेशानी पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। लेकिन अब श्रीलंका से स्पष्ट आासन मिलने से भारत को बड़ी राहत का अहसास हुआ है। दरअसल, दोनों पड़ोसी देशों बीच ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और आत्मीयता से भरे संबंध रहे हैं, दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत है, दोनों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है, और दोनों परस्पर निर्भर कहे जा सकते हैं। दिसानायके इस बात से वाकिफ हैं। संभवत: यही कारण रहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मोदी को भी उन्होंने अपना पहला विदेशी मेहमान बनाया और उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से भी नवाजा। भारत भी श्रीलंका की मित्रता को खासा तवज्जो देता है, और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका दौरा था। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो या हाल में आया आर्थिक संकट हो, हर कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। श्रीलंका हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'महासागर' दृष्टिकोण से भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। अलबत्ता, श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं और भारतीय मछुआरों के श्रीलंका के जल क्षेत्र में पकड़े जाने जैसे विवादास्पद मुद्दे हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में भी दोनों पड़ोसी देश सफल होंगे।




केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) की 21वीं शासी निकाय और 16वीं आम सभा की बैठक की अध्यक्षता की.

( टैरिफ-महासंग्राम. )

# चीन अमेरिका टैरिफ वार में अमन सामने

## भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार

**संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार,**

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद 100 दिनों में डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही सामने आती दिखाई दी है। मूलत: बड़े व्यवसाय से जुड़े व्यापारी से राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था को सुधारने में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को डाँवाडोल कर चुके हैं। यह भी बताया जाता है कि उनके व्यावसायिक सलाहकार टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी इस व्यापारिक नीति पर अरबों का नुकसान हुआ है जिसके चलते एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप में गहरे व्यावसायिक मतभेद उभर आए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन ने चुनाव के लगभग 100 दिन बाद अपनी आधिकारिक सभा में कहा की डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 100 दिनों से कम समय में ही आश्चर्यजनक रूप से भारी नुकसान तथा विनाश किया है पूर्व राष्ट्रपति ने दावा किया की ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के विरुद्ध द्वेषपूर्ण बर्ताव कर लगभग 7000 कर्मचारियों की छटनी करके अमेरिका को एक झटका दिया है उन्होंने कहा की कई अमेरिकी भोजन के लिए सामाजिक सुरक्षा पर भरोसा करते हैं और इसमें यह कटौती लाखों लोगों के लिए विनाशकारी होगी, उन्होंने आगे कहा की अमेरिकी प्रशासन ने पूरे विश्व में टैरिफ युद्ध लाकर आर्थिक अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका ने पहले चीन पर भारी 145 प्रतिशत टैरिफ लगाया था जवाब में चीन ने 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर अमेरिका ने फिर जवाबी कार्रवाई कर 245 प्रतिशत टैरिफ चीन पर ठोक दिया है ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार चीन ने बहुत सारे रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका भेजने पर प्रतिबंध लगा दिया था इन सब रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका की आत्मनिर्भरता खत्म हो गई थी जिसमें उल्लेखनीय है कि गैलियम,जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे कुछ तकनीक के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया था



अमेरिका के व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने दावा किया है कि इस तरह के निर्यात को प्रतिबंधित करने में चीन की मंशा दुनिया के ऑटो मार्क्स एयरोस्पेस निर्माता, सेमीकंडक्टर कंपनियों एवं अन्य सैन्य ठेकेदार को महत्वपूर्ण सामग्री पूर्ति करने से रोकने के लिए की गई है। पहले अमेरिका का चीन सामरिक दुश्मन नंबर एक था ताइवान के मामले में अमेरिका और चीन एक दूसरे के आमने-सामने डटकर खड़े हुए थे पर कुछ कूटनीतिक तकनीकी के कारण अमेरिका ताइवान चीन के दावे पर सीधा हस्तक्षेप नहीं कर रहा था किंतु अब वैश्विक आर्थिक महायुद्ध में चीन पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाकर यह युद्ध अब सीधे-सीधे अमेरिका तथा चीन के मध्य केंद्रित हो गया है।

चीन ने अमेरिकी हस्तक्षेप के जवाब में नहले पर दहला मारकर पिछले हफ्ते ऑटो मार्क्स के लिए सेंट्रल कमांड के लिए 6 दुर्लभ धातुओं के साथ बड़ी चुंबकों के निर्यात पर भी रोक लगा दिया माना जाता है कि यह दुनिया भर के एयरोस्पेस निर्माता सेमीकंडक्टर कंपनियां एवं अन्य सैया सामग्रियों के इस्तेमाल करने वाली कंपनियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह संसाधित खनिज अमेरिका रक्षा उद्योग के लिए अत्यंत अहम है जिसमें जेट इंजन मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर तथा अल्ट्रा एडवांस रडार सिस्टम जैसे एपरेटस के निर्माण में इनका अनुप्रयोग किया जाता है और महत्वपूर्ण बात यह है इन सब की आपूर्ति रुक जाने से ट्रंप प्रशासन तिलमिलाकर चीन से कुपित हो गया है। ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार लगभग 75 देश पहले से ही नए व्यापार समझौते पर गहन चर्चा हेतु चीन के अलावा सहमत हो चुके हैं इन पर लगे व्यापारिक अतिरिक्त शुल्क को फिलहाल 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार चीन बोइंग विमान के सौदे से साफ-साफ मुकर गया है और अमेरिका ने अपने वैधानिक अधिकारों और हितों तथा अंतरराष्ट्रीय न्याय की रक्षा हेतु जवाबी कदम उठाते हुए 245 प्रतिशत टैरिफ चीन पर लगा दिए हैं जिसे उन्होंने उचित और संवैधानिक बताया है। यह तो तय है कि 245 प्रतिशत टैरिफ से भविष्य में चीन को भारी नुकसान होने वाला और इससे उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह डगमगा जाएगी। दूसरी तरफ चीन की प्रवक्ता एजेंसी रेडियो फ्री एशिया के अनुसार अमेरिका ने चीन को एनवीडीया के h20 चिप्स का निर्यात रोक दिया है इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में चीन पर दबाव बनाने हेतु उठाया गया कदम बताया जाता है। अब इस चिप्स को लेने के लिए चीन को अमेरिका की सरकारी मंजूरी लेनी होगी और यह प्रतिबंध आगे आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। दूसरी तरफ निरंतर मजबूत सार्वजनिक खर्च और आसान मौद्रिक नीति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो सकती है जो की 2024 की सिक्स पॉइंट नाइन प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है किंतु भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते व्यावसायिक तनाव और निरंतर और निश्चिंत्यता के कारण पूरा विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था नीचे गिर सकती है और टैरिफ युद्ध से पूरा वैश्विक बाजार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। टैरिफ युद्ध के चलते एवं वैश्विक आर्थिक अवस्था के कारण भारत में सोना एक नए रिकॉर्ड की ऊंचाई पर पहुंच गया है अमेरिका चीन व्यावसायिक युद्ध के कारण सोने में रिकॉर्ड तेजी हुई है। यह तो तय है कि भारत तेजी से उभरती हुई आर्थिक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है किंतु चीन अमेरिका टैरिफ युद्ध पूरे विश्व के लिए आर्थिक मंदी लाने वाला होगा जिसके परिणाम सबसे ज्यादा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा।

# वेव्स बाज़ार: मीडिया और मनोरंजन के वैश्विक मंच पर भारत का निर्णायक लगान क्षण

**आमिर खान**

भारत मनोरंजन और मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, यह तेजी से बढ़ रहा है और लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में फल-फूल रहा है। हम इंटरनेट कनेक्शन पर ऑडियो और वीडियो फ़ाइलों को निरंतर प्रसारित करने की सेवाओं, क्षेत्रीय भाषा निर्माणों और तकनीक-प्रेमी दर्शकों के उदय से प्रेरित विविध प्लेटफार्मों पर सामग्री निर्माण में उछाल देख रहे हैं, जो ताजा, आकर्षक और समावेशी कथाओं की मांग करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं, न केवल मनोरंजन के स्रोत के रूप में बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, आर्थिक विकास और वैश्विक प्रभाव के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में।

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, जिसे संक्षिप्त शब्द वेव्स के नाम से जाना जाता है, 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के बढ़ते सम्मान और उसकी बढ़ती पहचान का गवाह होगा और वेव्स बाज़ार इस आयोजन का एक प्रमुख भाग है। उद्योग में दशकों बिताने वाले व्यक्ति के रूप में, मेरा मानना है कि कहानी सुनाने में एकजुट होने, प्रेरित करने और बदलने की ताकत है। वेव्स और वेव्स बाज़ार के साथ, हम वैश्विक मनोरंजन समुदाय के लिए अधिक सहयोगी और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में एक साहसिक कदम उठा रहे हैं।

वेव्स बाज़ार वैश्विक मनोरंजन इकोसिस्टम में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाज़ार बनने का प्रयास है। सहजता से और मिलजुलकर काम करने को बढ़ावा देने के अपने मिशन के साथ, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए अंतिम व्यावसायिक केन्द्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुँच का विस्तार करने, नए अवसरों की खोज करने और उच्च-मूल्य वाली साझेदारियों में शामिल होने में मदद मिलती है। 27 जनवरी, 2025 को केन्द्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा आधिकारिक रूप से शुरू किया गया, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वेव्स शिखर सम्मेलन को एक प्रमुख कार्यक्रम में बदलने के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण साधन है, जो वित्त और अर्थव्यवस्था क्षेत्रों के लिए दावोस शिखर सम्मेलन जैसा है। मेरा मानना है कि शुरूआत के बाद से, एमऔरई सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों से 5500 खरीदार, 2000 से ज़्यादा विक्रेता और लगभग 1000 प्रोजेक्ट पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। लंबे समय में, पोर्टल को एमऔरई उद्योग के लिए एक व्यापक कंटेंट मार्केटप्लेस और नेटवर्किंग हब के रूप में विकसित होने की उम्मीद है, जिसमें एआई-संचालित प्रोफाइलिंग और मैचमेकिंग टूल शामिल हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म के भीतर ऑनलाइन पिचिंग सेशन, वर्चुअल बी2बी मीटिंग, वेबिनार और बहुत कुछ की मेजबानी करेगा।वेव्स बाज़ार एक अनूठा ई-मार्केटप्लेस है जो मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाता है - जिसमें फ़िल्म, टेलीविज़न, एनीमेशन, गेमिंग, विज्ञापन, एक्सआर, संगीत, साउंड डिज़ाइन, रेडियो और बहुत कुछ शामिल है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब एंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आपको तरोताजा महसूस होगा। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे। परिवार से जुड़ी किसी समस्या का समाधान मिलेगा। कार्यों को पूरा करने में आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो सफल होंगे। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं। आज काम में मन लगेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण घर पर तो समय व्यतीत नहीं कर पाएंगे, परंतु अपने बहुत से महत्वपूर्ण काम निपटाने में सफल होंगे। आज किसी भी प्रकार का लेनदेन करते समय सावधानी बरतें। आज बिजनेस में महत्वपूर्ण फैसला लेने से पहले किसी अनुभवी की सलाह लें।

कर्क राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ आपके दोस्ताना रिश्ते मजबूत होंगे। मेहनत के अनुरूप आपको उचित परिणाम हासिल होंगे। भावनाओं में आकर निर्णय लेने से बचे, ऐसा करने से आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। आज ऑफिस के कार्य समय से पूरा करने में सफल होंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आज कार्यस्थल पर दूसरे लोगों से वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है, आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवार वालों के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनाएंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज भाइयों के साथ रिश्ते में मधुरता आएगी। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से आज आपको राहत मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक कार्य की योजना बनाएंगे। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आज आपका व्यापार रोज की अपेक्षा अच्छा चलेगा।

मकर राशि : आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी मुलाकात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आप पारिवारिक रिश्ते को महत्व देंगे। अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिलेगा। माता-पिता से दूर कहीं रहते हैं, तो पैतृक निवास की यात्रा हो सकती है।

मीन राशि : आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज कारोबार में चुनौतियां रहेंगी। बाहरी लोगों का दखल हो सकता है। बेहतर होगा सब कम अपनी देखरेख में ही करवाएं। आज आप कुछ समय धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आपके काम सुचारु रूप से संपन्न होते जाएंगे। घर पर कोई मांगलिक आयोजन कराने के बारे में सोच सकते हैं, जिससे घर में खुशहाली आयेगी। आज अचानक धन लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

# द रिपब्लिक ऑफ स्टोरीटेलिंग : इस क्षेत्र में अगली सफलता भारत के पूर्व से क्यों आनी चाहिए

**फिरदौसुल हसन**

हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जहाँ एक शांत क्रांति जारी है। यह उस तरह का नहीं है जो सुर्खियों में रहे या सोशल मीडिया पर छा जाए - बल्कि यह उस तरह का है जो सतह के नीचे गूंजता रहे। यह सब साधारण संपादन कक्षों में हो रहा है, उधार लिए गए लैपटॉप द्वारा संचालित एक्सआर लैब्स में, शयनकक्षों में जहां सिलचर का एक 22 वर्षीय युवक अपनी दादी की युद्ध की यादों के बारे में एक कहानी को एनिमेट करता है। यह उन गाँवों में हो रहा है जहाँ बच्चे अपने स्मार्टफोन पर बांग्ला जासूसी श्रृंखला का आनंद लेते हैं और उन स्टूडियो में भी जहां तमिल स्क्रिप्ट को एआई द्वारा 17 भारतीय भाषाओं में डब किया जा रहा है। इस समय भारत अब कला और संहिता के चौराहे पर है और एक बार फिर सड़क का यह दोराहा घर की ओर ले जाता है। एक सॉफ्ट पावर जो प्रस्फुटित होने के इंतजार में बहुत लंबे समय तक, भारतीय सिनेमा को या तो बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस या इसके अंतर्राष्ट्रीय समारोहों की स्वीकृति से मापा जाता था। यह एक संकीर्ण दृष्टिकोण था। हम जिस चीज से चूक गए, वह थी शांत शक्ति जो बीच में निहित थी: लोक यथार्थवाद, आदिवासी मिथक, इंडी एनीमेशन, जमीनी स्तर पर गेमिंग - ऐसे रूप जो 90 के दशक में विपणन योग्य नहीं थे, लेकिन आज उपार्जन के योग्य हैं। वर्तमान सरकार को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने इस बड़े बदलाव को जल्दी महसूस किया और इस पर स्पष्टता और मजबूत इरादे के साथ इस पर काम किया है। वेव्स 2025, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज और वेवएक्ससेलेटर जैसी पहलें केवल नीति-स्तर के संकेत नहीं हैं। ये घोषणाएँ हैं कि भारत की रचनात्मक पूंजी अब एक राष्ट्रीय संपत्ति है और किस्से-कहानीयों को सुनाना अब संस्कृति का एक सजावटी उप-उत्पाद नहीं है, बल्कि कूटनीति, नवाचार और अर्थव्यवस्था का एक इंजन है। क्योंकि कहानी सुनाना अब केवल भावनात्मक मुद्रा नहीं है- यह आर्थिक पूंजी बन गया है। अकेले एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के 2025 तक 45,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो सालाना लगभग 17 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। ओटीटी सामग्री की खपत में साल-दर-साल 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें क्षेत्रीय कंटेंट अब कुल दर्शकों का 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बना रहा है (फिक्की-ईवाई 2024)। यह कोई एक प्रवृत्ति नहीं है। यह एक नई सामग्री अर्थव्यवस्था आकार ले रही है और इस बार, यह बहुभाषी और बहु-भौगोलिक मिथक से बाज़ार तक: पूर्व जागृत हो राजा है आइए अब स्पष्ट रूप से बात करें। यदि भारत वास्तव में दुनिया की कंटेंट राजधानी बनना चाहता है, तो वह केवल मुंबई-दिल्ली केंद्रित नहीं रह सकता। वैश्विक किस्से-कहानीयों को कहने की अगली सफलता पूर्व और उत्तर-पूर्व से आनी चाहिए - उन भूमियों से जिन्होंने लंबे समय से भारत को उसकी सबसे मौलिक साहित्यिक, संगीतमय और दार्शनिक आवाजें दी हैं। ये क्षेत्र अविकसित नहीं हैं। बल्कि वे कम जुड़े हैं। उनके पास कहानियों की कमी नहीं है। वह मौलिकता से भरे हैं - आओ और खासी के मौखिक रहस्यवाद से लेकर बांग्ला सिनेमा के गीतात्मक यथार्थवाद तक, संथाल महाकाव्यों से लेकर बोडो विज्ञान-कथा रूपकों तक।ऐतिहासिक रूप से उनके पास संरचनात्मक बाजारों, किफायती उपकरणों, वितरण और सही प्लेटफार्मों तक पहुंच की कमी रही है। शुक्र है कि यह बदलने लगा है।आज, कोलकाता इस अप्रयुक्त प्रतिभा के गलियारे के लिए एक रणनीतिक प्रवेशद्वार के रूप में उभर रहा है। प्रोडक्शन के लिए तैयार स्टूडियो, प्रशिक्षित तकनीशियनों की प्रचुरता, विश्व स्तरीय पोस्ट सुविधाएं और प्रयोग के साथ विरासत को मिलाने वाली बौद्धिक संस्कृति के साथ, बंगाल भारत का अगला विशाल कंटेंट केंद्र बनने के लिए तैयार है। इसके अलावा असम, त्रिपुरा, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से इसकी निकटता को भी जोड़ लें, तो हम एक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक रचनात्मक इकोसिस्टम को देख रहे हैं, जो सक्रिय होने की प्रतीक्षा कर रहा है। स्थानीय लोग आश्चर्यजनक। लागतें प्रबंधनीय। क्रू सदस्य बेहतर प्रदर्शन के लिए अति उत्साही। बुनियादी ढांचा तेजी से वृद्धि। कहानी कहने से लेकर कहानी-वास्तुकला तक डिजिटल युग में, कहानियां द एंड पर नहीं रुकती हैं। वे नए प्रारूपों में शामिल होते हैं - मीम्स, गेम्स, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ्स, इमर्सिव प्रदर्शन, एआर अनुभव। कंटेंट अब एक ही तरह का नहीं है - यह लगातार चलने वाला, संवादात्मक, गतिशील है।

और भारत, तकनीकी प्रवाह और कलात्मक शैली के अपने दुर्लभ मेल के साथ, इस युग के लिए विशिष्ट रूप से सुसज्जित है। हमारा देश ऐसे कवियों का देश हैं जो कोड लिखते हैं। हमारे फिल्म निर्माता पद्य और वाक्य रचना में सोचते हैं। हमारे एनिमेटर रूपक से एल्गोरिदम का निर्माण करते हैं। जब एक मणिपुरी एक्सआर कलाकार जनजातीय स्मृति का एक वॉक-थ्रू संग्रहालय बनाता है, या जब एक बांग्ला एआई स्टार्टअप ग्रामीण लेखकों की स्क्रिप्ट को मोशन कॉमिक्स में बदलने में मदद करता है, तो यह सहायता नहीं है-यह सिनेमा का एक नया व्याकरण है.. और यह अभी लिखा जा रहा है। रचनात्मक वर्ग पर सरकार का शांत दांव हाल की स्मृति में पहली बार भारत सरकार न केवल वाणिज्य या बुनियादी ढांचे पर, बल्कि राष्ट्रीय क्षमता के रूप में रचनात्मकता पर बड़ा दांव लगा रही है।अनुदान, स्टार्टअप प्रोत्साहन, सह-निर्माण प्लेटफार्मों और वेव्स जैसे आयोजनों के माध्यम से अब सबको सपने देखने का अधिकार दिया जा रहा है। यह बताया जा रहा है: नेटफ्लिक्स पर फिल्म बनाने के लिए आपको फिल्म पारिवारिक विरासत से होने की आवश्यकता नहीं है। आप जोरहाट या जलपाईगुड़ी से भी हो सकते हैं। आपको अब जुहू के गलियारों में भटकने की जरूरत नहीं है। आपको एक कहानी की जरूरत है - और एक ऐसे ढांचे की जो उसे आगे बढ़ाने में मददगार हो। और यहाँ एक विनयपूर्ण सुझाव है: जिस तरह इस सरकार ने कूटनीति और प्रौद्योगिकी में भारत को एक सॉफ्ट पावर महाशक्ति के रूप में पुन: स्थापित किया है, अब एक कदम और आगे जाकर - इन शिखर सम्मेलनों को महानगरों से आगे ले जाना चाहिए। अगली बार वेव्स का आयोजन कोलकाता में हो। अगली एनीमेशन लैब की मेजबानी गुवाहाटी में हो। अगरतला में भारत का पहला आदिवासी कहानी बाजार शुरू किया जाए।



# न नई नियुक्ति होगी, न प्रॉपर्टी डिनोटिफाई होगी, वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई





नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर आज भी सुनवाई की। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है और उसे वक्फ मुद्दे के बारे में कई ज्ञापन मिले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे गांव और बड़ी मात्रा में जमीन को वक्फ घोषित कर दिया गया है, जिससे यह एक महत्वपूर्ण विधायी मामला बन गया है। मेहता ने तर्क दिया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा और अदालत से अनुरोध किया कि वह सहायक दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक प्रतिक्रिया दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दे, जिसमें कहा गया कि मामले पर विस्तृत विचार की आवश्यकता है। केंद्र के जवाब का प्रत्युत्तर पांच दिनों के भीतर दाखिल किया जाएगा और सुनवाई मई में शुरू होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर रोक नहीं लगाई है, लेकिन केंद्र के इस आश्वासन को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया है कि संशोधित अधिनियम के तहत फिलहाल केंद्रीय वक्फ परिषद या वक्फ बोर्ड में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि मूल 1995 अधिनियम के तहत पहले से ही वक्फ घोषित संपत्तियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि यथास्थिति बरकरार रखी जाएगी। सीजेआई ने कहा कि वक्फ अधिनियम 1995 और इसके 2013 संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को इस बैच से अलग सूचीबद्ध किया जाएगा। 2025 के मामले के संबंध में रिट दायर करने वाले याचिकाकर्ता विशेष मामले के रूप में अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने के लिए स्वतंत्र हैं। सीजेआई ने कहा कि पक्षों के बीच इस बात पर आम सहमति है कि किन याचिकाओं को मुख्य मामलों के रूप में माना जाएगा। अन्य याचिकाओं को उन मुख्य मामलों के अंतर्गत आवेदनों के रूप में माना जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि याचिकाएँ आज भी दायर की जा रही हैं।

# दिल्ली में हर 70 पार बुजुर्ग को मिलेगा 'आयुष्मान कार्ड',अप्रैल के अंत तक लागू होगी योजना

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली सरकार अप्रैल के अंत तक 70 साल से अधिक उम्र के सभी के लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड लॉन्च करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्य और केंद्र सरकार के विधायक और अधिकारी मौजूद थे।

यह पहल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हर परिवार को साल भर में 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देना है, ताकि वे माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पतालों में इलाज करा सकें।

बैठक का उद्देश्य आयुष्मान कार्डों का क्रियान्वयन और वितरण करने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में आरोग्य मंदिर खोलने पर चर्चा करना था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई सालों के इंतजार के बाद दिल्ली को आयुष्मान भारत योजना मिली है और इसे लागू करने के लिए आज हम बैठक कर रहे हैं, ताकि सभी कार्ड जल्दी से बनकर जनता तक पहुंच सकें। सभी विधायकों को यह जिम्मेदारी दी गई है। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को इसका लाभ देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

दिल्ली के हर इलाके में 1,139 आरोग्य मंदिर खोलने के लिए जगह की पहचान का काम तुरंत शुरू करना चाहिए,



क्योंकि पिछली सरकारों ने समय बर्बाद किया और दिल्ली को नुकसान हुआ। अब हम नहीं चाहते कि और समय बर्बाद हो। हमारी सरकार आज से इस पर काम करना शुरू कर देगी।

सभी आयु वर्ग के 70 साल या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र होंगे।

यह कार्ड हर साल हर परिवार को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देता है, जिसमें 1500 से ज्यादा चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं।दिल्ली सरकार शहर भर में 1,139 आरोग्य मंदिर खोलने की योजना बना रही है। ये आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे, जो मोहल्ला क्लीनिकों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से अलग होंगी।विधायकों को जिलाधिकारियों के साथ मिलकर मौजूदा आयुष्मान कार्ड वितरित करने और आरोग्य मंदिर खोलने का काम सौंपा गया है।दिल्ली की सीएम गुप्ता ने कहा, विधायकों को जिलाधिकारियों (डीएम) के साथ मिलकर मौजूदा आयुष्मान कार्डों को जल्द से जल्द वितरित करने और राज्य के सभी हिस्सों में आरोग्य मंदिर खोलने का काम करने का निर्देश दिया गया है।इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि सरकार दिल्ली के लोगों के लिए 1,139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाएगी।उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य दिल्ली के लोगों के लिए 1,139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाना है और हम इसे हासिल करेंगे। इस पर चर्चा हुई कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को यह सुविधा जल्द से जल्द कैसे दी जा सकती है। हमारे आरोग्य मंदिर मोहल्ला क्लीनिकों से पूरी तरह अलग होंगे। आप उनकी संरचना और काम करने का तरीका अलग देखेंगे। दिल्ली के लोग इसे पसंद करेंगे।आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत दिल्ली सरकार और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच 5 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### अब दिल्ली में लाउडस्पीकर चलाना आसान नहीं, बिना पुलिस परमिशन चलाने पर लगेगा जुर्माना; जानें क्या हैं नई गाईडलाइन

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में अब यूपी की तरह लाउडस्पीकर पर सख्ती लागू हो गई है। दिल्ली पुलिस ने आदेश जारी कर साफ कर दिया है कि किसी भी सार्वजनिक या धार्मिक कार्यक्रम में बिना लिखित अनुमति लाउडस्पीकर या साउंड सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। नियम तोड़ने पर 10,000 जुर्माना और उपकरण जब्त किए जाएंगे।

ध्वनि की सीमा अलग-अलग क्षेत्रों के हिसाब से तय की गई है। औद्योगिक क्षेत्र में दिन में अधिकतम 75 डेसिबल और रात में 70 डेसिबल की सीमा तय की गई है। रिहायशी क्षेत्रों में दिन में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल से अधिक शोर की अनुमति नहीं है। साइलेंस जोन में यह सीमा क्रमशः 50 और 40 डेसिबल तय की गई है। दिल्ली पुलिस ने टेंट हाउस और लाउडस्पीकर सप्लायर्स को भी चेताया है कि बिना पुलिस परमिशन किसी को भी उपकरण न दें। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। डीजी सेट पर भी क्षमता के अनुसार जुर्माना तय किया गया है। 1000 KVA से अधिक पर 1 लाख, 62.5 से 1000 KVA तक पर 25,000 और 62.5 KVA तक के DG सेट पर 10,000 जुर्माना लगेगा। निर्माण कार्यों में तेज आवाज वाले उपकरणों के इस्तेमाल पर 50,000 जुर्माना और उपकरण सील किए जाएंगे।

# पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई की रेड, आप ने भाजपा पर साधा निशाना

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए दावा किया कि आप नेताओं को डराने-धमकाने के लिए केंद्र सरकार ने सीबीआई का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

ताजा मामला दुर्गेश पाठक से जुड़ा है, जिन्हें हाल ही में गुजरात विधानसभा चुनाव 2027 के लिए आम आदमी पार्टी का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। सहप्रभारी नियुक्त किए जाने के कुछ दिन बाद ही गुरुवार सुबह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उनके घर पर छापेमारी की। आम आदमी पार्टी ने इस घटना को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है।

सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले गुजरात चुनाव में आम आदमी पार्टी की मजबूत मौजूदगी से घबराकर भाजपा ने हमारे नेताओं को गिरफ्तार करवाया था। अब जब दुर्गेश पाठक को गुजरात की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तो सीबीआई को उनके पीछे लगा दिया गया है।

आम आदमी पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से बयान जारी कर कहा, गुजरात के सहप्रभारी दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई पहुंची है। केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने का हर हथकंडा अपना लिया, लेकिन फिर भी उन्हें चैन नहीं है। गुजरात में भाजपा की हालत पतली हो रही है। जैसे ही दुर्गेश पाठक को वहां की जिम्मेदारी दी गई, जिस पर भाजपा बौखला गई है।

'आप' ने यह भी कहा कि भाजपा अब आम आदमी पार्टी को गुजरात में एक प्रमुख विपक्षी ताकत के रूप में देखने लगी है और इसी वजह से वह डर गई है। पार्टी के अनुसार, यह छापेमारी इस बात का संकेत है कि भाजपा 'आप' के निरंतर विस्तार से घबरा चुकी है।

आतिशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि आम आदमी पार्टी ने जैसे ही गुजरात चुनाव की तैयारी शुरू की, गुजरात के सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई रेड करने पहुंच गई! गुजरात में 'आप' ही भाजपा को चुनौती दे सकती है और यह रेड इनकी बौखलाहट दिखा रही है!

## बीजेपी ने महागठबंधन की बैठक पर की टिप्पणी, मनोज झा ने दिया जवाब

पटना ,(आरएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और महागठबंधन में शामिल अन्य दलों की होने वाली बैठक पर बीजेपी ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस बैठक का कोई ठोस उद्देश्य नहीं है। बीजेपी के इस बयान पर आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कड़ा जवाब दिया है। मनोज झा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए कहा, पहली बैठक का एक स्पष्ट उद्देश्य होता है कि हम सब एक साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरेंगे। यह बैठक उसी संदर्भ में है, और इसका मुख्य उद्देश्य है कि तमाम दल एकजुट होकर बिहार में बढ़ती समस्याओं का समाधान करें। यह बैठक यह तय करने के लिए है कि बिहार में एक सशक्त विकल्प की आवश्यकता है, और जो दल सबसे अधिक जीतने की क्षमता रखता है, वह सबसे महत्वपूर्ण है।इसके जवाब में बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा, महागठबंधन के जो लोग आज बैठने वाले हैं, उनके बैठने का कोई उद्देश्य नहीं है। यह पूरी तरह से फ्लॉप शो साबित होने वाला है। हम तो कह रहे हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव में जाएंगे, लेकिन महागठबंधन के लोग यह नहीं कहने को तैयार हैं कि वे तेजस्वी यादव के नेतृत्व में चुनावी रण में उतरेंगे।



राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी और कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी नई दिल्ली में एआईसीसी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।

### रंगदारी मामले में लालू के करीबी विधायक रीतलाल यादव और भाई ने कोर्ट में किया सरेंडर, भेजे गए जेल

पटना ,(आरएनएस)। लालू प्रसाद यादव के करीबी और दानापुर से आरजेडी विधायक रीतलाल यादव ने अपने छोटे भाई और तीन अन्य आरोपियों के साथ पटना की दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। सभी को कोर्ट में पेशी के बाद बेऊर जेल भेज दिया गया। इन पर एक बिल्डर से रंगदारी मांगने, धमकी देने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने जैसे गंभीर आरोप हैं।

विधायक रीतलाल यादव के वकील ने अदालत में कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित और झूठा है। उन्होंने दावा किया कि बिल्डर ने जानबूझकर फर्जी केस दर्ज करवाया, और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही यादव व उनके सहयोगियों ने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया। अभी तक किसी ने जमानत याचिका दाखिल नहीं की है, लेकिन जल्द ही ऐसा किया जाएगा। 11 अप्रैल को पुलिस ने इस मामले से जुड़े 11 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापों के दौरान 10.5 लाख रुपये नकद, 77.5 लाख के खाली चेक, जमीन हड़पने से संबंधित 14 दस्तावेज, 17 चेकबुक, पांच स्टांप पेपर, छह पेन ड्राइव और वॉकी-टॉकी समेत कई अहम साक्ष्य बरामद किए गए।

## पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती : पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि, बोले आपके लिए देशहित रहा सर्वोपरि

लखनऊ, (आरएनएस)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की जयंती के अवसर पर लोग उन्हें याद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इन नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए चंद्रशेखर जी के राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समानता और जन कल्याण के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने अपनी राजनीति में देशहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के उनके प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, शोषितों एवं वंचितों के प्रखर स्वर, लोकप्रिय राजनेता एवं राष्ट्रवादी चिंतक, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! राष्ट्र निर्माण, सामाजिक न्याय और जन कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए पाथेय है।

वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, प्रखर वक्ता, लोकप्रिय जननेता तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर जी की जयंती पर शत-शत नमन।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की जयंती पर कोटिशः नमन। आप जीवन पर्यंत सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर रहे। पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित आपका जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

चंद्रशेखर जी के बेटे नीरज शेखर ने अपने पिता को याद करते हुए एक्स पर लिखा, दृढ़ संकल्प, अपार साहस और अटल ईमानदारी के प्रतीक, पूज्यनीय पिता श्री, पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय चंद्रशेखर जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। आपकी विचारधारा, कर्मठता और निस्वार्थ सेवाभाव आज भी हम सभी को प्रेरणा देते हैं। राष्ट्र निर्माण की राह में आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। समाजवादी पार्टी ने भी चंद्रशेखर जी को याद किया।

# राजस्थान के राजसमंद में बारातियों से भरी बस और ट्रक की टक्कर, 37 घायल, 5 की हालत गंभीर

राजसमंद (आरएनएस)। राजस्थान के राजसमंद जिले के देलवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मजेरा गांव के पास नेशनल हाईवे पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 37 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे में एक निजी ट्रैवल्स की बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें बस में सवार 37 लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला और एक वृद्ध सहित पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस बारातियों को लेकर उदयपुर की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने बस को ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन एक-दूसरे में बुरी तरह फंस गए। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक के सामने अचानक एक कार आ जाने से उसने ट्रक को दाहिनी ओर मोड़ा और तभी सामने से आ रही बस से आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

# चीन को तैयारियां करने में लगेगा समय, इस साल देर से शुरु हो सकती है कैलाश मानसरोवर यात्रा

नई दिल्ली (ए)। भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर चर्चा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक यह कदम वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 4 साल से अधिक समय तक चले तनाव के बाद दोनों देशों के रिश्तों को सामान्य करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह मानसरोवर यात्रा 2020 से बंद थी। अब जल्द ही यात्रा के शुरू होने की संभावना है। इससे लाखों श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक कैलाश मानसरोवर यात्रा चीन के तिब्बत क्षेत्र में स्थित पवित्र कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील तक होती है। यह यात्रा हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह यात्रा 2020 में कोरोना महामारी के कारण रुकी थी और बाद में एलएसी पर भारत-चीन के बीच तनाव के चलते



शुरु नहीं हो सकी। लेकिन अब दोनों देश यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए गंभीरता से बात कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि बीते साल अक्टूबर में डेमचोक और देपसांग में सैनिकों की वापसी पर सहमति के बाद दोनों देशों ने भरोसे को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। बीते साल रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने सीमा विवाद और रिश्तों को बेहतर करने के लिए कई तंत्रों को फिर से शुरू करने का फैसला किया। हालांकि, इस साल यात्रा सामान्य समय से थोड़ा देर से शुरू हो सकती है और देर तक चल सकती है। बताया जा रहा हैं कि चीनी पक्ष को यात्रा के लिए सुविधाओं को तैयार करने के लिए थोड़ा समय चाहिए, क्योंकि ये सुविधाएं बीते पांच साल से उपयोग में नहीं थीं। जल्द ही यात्रा के शुरू होने की आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। भारतीय अधिकारियों ने मामले पर अभी कोई बयान नहीं दिया है। कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा जून से सितंबर के बीच किया जाता है। यह यात्रा उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे और सिक्किम के नाथु ला दर्रे से होती है। यह यात्रा बेहद कठिन है, क्योंकि श्रद्धालुओं को 19,500 फीट की ऊंचाई पर कठिन मौसम और उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरना होता है।

### महत्वपूर्ण पेयजल योजनाओं को समय से करें पूरा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम में पेयजल प्रबंधन एवं समर कंटीन्जेंसी प्लान को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्ययोजना के तहत आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला कलक्टर्स की अनुशंषा पर जिलों में पेयजल से संबंधित आकस्मिक कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचईडी अधिकारियों को फील्ड में रहकर जलापूर्ति की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नवीन नलकूप एवं हैण्डपंप लगाए जाएं। उन्होंने पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यकता के अनुसार टैंकरों के जरिए पेयजल परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पेयजल से संबंधित पाइपलाइनों, पुराने नलकूप एवं हैंडपंप के मरम्मत कार्यों को भी समय से पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में लिए गए

नई दिल्ली (ए)। बांग्लादेश में मानव तस्करी के मामले में शामिल 38 वर्षीय एक व्यक्ति समेत दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान रबीउल इस्लाम (38), उसकी पत्नी सीमा (27) और बेटे अब्राहम (5), पापिया खातून (36) और उसकी बेटियों सादिया सुल्ताना (21) और सुहासिनी (1) के अलावा आर्यन (7) तथा रिफत आरा मोयना (28) के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोग किशनगढ़ और कटवारिया सराय सहित दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में रह रहे थे और इन्होंने दलालों की मदद से त्रिपुरा, घोजा डोंगा और बेनापोल सीमाओं के माध्यम से 2007 और 2023 के बीच अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी आठ बंदियों को 16 अप्रैल को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया और निर्वासन केंद्र भेज दिया गया।



दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने नई दिल्ली में चल रहे सुधार कार्य की जमीनी स्थिति का निरीक्षण करने के लिए गाजीपुर लैंडफिल साइट का दौरा किया।

# मैंने रिजल्ट के बारे में सोचना छोड़ दिया है: सैयामी खेर

*अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपने करियर को लेकर बताया कि वह अपने काम पर फोकस करती हैं और रिजल्ट की फिक्र नहीं करती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री एक ऐसी जगह है, जहां आप चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, रिजल्ट की गारंटी नहीं होती। यह पूछे जाने पर कि वह लगातार आगे बढ़ रही इंडस्ट्री में अपेक्षाओं के दबाव को कैसे मैनेज करती हैं, सैयामी ने बताया, दबाव कभी पूरी तरह से खत्म नहीं होता, लेकिन जब आपका ध्यान रिजल्ट के बजाय काम पर होता है, तो सांस लेना आसान हो जाता है। मैंने रिजल्ट के बारे में सोचना छोड़ दिया है और प्रक्रिया को महत्व देना शुरू कर दिया है।*



अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जो दूसरों को प्रभावित करती हैं। ऐसे किरदार निभाना पसंद है, जो चुनौती देते हैं और मैं अपने काम से ही इस प्रेशर को मैनेज करती हूं। मैंने अभिनय की दुनिया में भी कदम इसी वजह से रखा था, क्योंकि मुझे यह पसंद है।

साल 2015 से अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली एक्टर को फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा आश्चर्य किस बात से होता है? सैयामी ने कहा, इसकी अनिश्चितता। अभिनेत्री ने कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री की अनिश्चितता से हैरान हूं, जहां आप चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, रिजल्ट की कभी गारंटी नहीं होती। आप किसी चीज में अपना दिल, आत्मा, मेहनत सब कुछ लगा सकते हैं, फिर भी निश्चित नहीं है कि परिणाम क्या होगा। लेकिन यही चीज उसे जीवंत और मैजिकल बनाए रखती है।उन्हें यह भी आश्चर्य होता है कि समय की पाबंदी को एक रेयर क्वालिटी के रूप में कैसे देखा जाता है।सैयामी ने कहा, एक और बात जो मुझे वाकई हैरान करती है, वह यह कि समय की पाबंदी को एक रेयर क्वालिटी की तरह देखा जाता है। मेरे लिए, समय की पाबंदी ऐसी चीज नहीं है जिसकी सराहना की जानी चाहिए - यह सम्मान का एक बुनियादी संकेत है। अनुशासन को अक्सर कम आंका जाता है।

## बॉक्स ऑफिस पर गुड बैड अग्ली अव्वल, जाट दहाड़ जारी, आखिरी सांसें गिन रहा सिकंदर

इन दिनों सिनेमाघरों में कई बड़ी एक्शन फिल्मों ने कब्जा जमा रखा है। इसमें सनी देओल की 'जाट', सलमान खान की 'सिकंदर' और साउथ अभिनेता अजित कुमारी की 'गुड बैड अग्ली' शामिल है। इन बड़े स्टार्स की फिल्मों से फैंस को हमेशा उम्मीद रहती है। आइए जानते हैं मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों ने कैसा प्रदर्शन किया?

सनी देओल की फिल्म 'जाट' का हिंदी और साउथ दोनों ही प्रशंसक बेसब्री से कर रहे थे। फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। 'जाट' ने मंगलवार यानी रिलीज के छठे दिन 5.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

100 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'जाट' ने पहले दिन 9.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके बाद पहले वीकएंड पर इसकी कमाई में उछाल आया और इसने रविवार को 14 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म की कुल कमाई की बात की जाए तो इसने अब तक 53.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## वमीका गब्बी ने पर्पल गाउन में ढाया कहर, इंस्टाग्राम पर शेयर की तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने



बॉलीवुड और ओटीटी की मशहूर एक्ट्रेस वमीका गब्बी ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर हलचल मचा दिया है. वमीका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टनिंग फोटोशूट की झलक दिखाई, जिसमें वह पर्पल गाउन में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. तस्वीरों को शेयर करते हुए वमीका ने कैप्शन में लिखा, आज कुछ नहीं लिखूंगी! ज अरे नहीं!. उनके इस पोस्ट पर फैंस जमकर रिएक्ट कर रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट किया, अति आश्चर्यजनक!, वहीं एक अन्य फैन ने लिखा, वाह, क्या नज़ारा है!! उनकी इस तस्वीर पर अब तक 4 लाख से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं और यह तेजी से वायरल हो रही है.

वमीका गब्बी अपनी बेहतरीन एक्टिंग के साथ-साथ अपने फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं. उनकी हर तस्वीर सोशल मीडिया पर छा जाती है, और इस बार भी उन्होंने फैंस को अपनी स्टाइलिश लुक से दीवाना बना दिया है.

## बीआरबी: फर्स्ट ब्लड की शूटिंग शुरू, निर्माताओं ने जारी किया किच्चा सुदीप का फर्स्ट लुक

साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म बीआरबी: फर्स्ट ब्लड (बिल्ला रंगा बाशा) की शूटिंग शुरू होने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। अनूप भंडारी द्वारा निर्देशित और प्राइम शो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म पिछले कुछ समय से प्री-प्रोडक्शन में थी और आखिरकार इसकी शूटिंग शुरू हो गई है।

अपने एक्स पोस्ट में किच्चा सुदीप ने लिखा, 2209 एडी- बीआरबी: फर्स्ट ब्लड आज से यात्रा शुरू हो रही है। हमारे लिए हमारी टीम का यह विशाल सपना और विजन फ्लोर पर जाना एक अनोखा उत्साह है। एक पोस्टर भी जारी किया गया, जिसमें सुदीप को बर्फीले तूफान में दिखाया गया है, माथे पर बर्फ का चश्मा पहने हुए हैं, जिसमें आग से मची तबाही के दृश्य को दिखाया गया है।बीआरबी: फर्स्ट ब्लड के जरिए सुदीप ने निर्देशक अनूप भंडारी के साथ दोबारा हाथ मिलाया है। इससे पहले दोनों ने विक्रांत रोना में साथ काम किया था, जो सुपरहिट रही थी। पिछले साल किच्चा सुदीप के जन्मदिन पर फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया था, जिसमें वर्ष 2209 एडी में एक तबाही के बाद के भविष्य में सेट दो-भाग की कहानी के रूप में दुनिया की झलक दिखाई गई थी।इस प्रोजेक्ट को के निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी के प्राइम शो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिन्हें ब्लॉकबस्टर हनुमान के निर्माण के लिए जाना जाता है। जैसे ही पोस्टर रिलीज हुआ सुपरस्टार के प्रशंसकों ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपनी प्रतिक्रिया और फिल्म की रिलीज के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की।

## विक्रम भट्ट ने की नई हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी: घोस्ट्स ऑफ द पास्ट की घोषणा, सीक्वल की रिलीज डेट का भी एलान

2011 में रिलीज हुई हॉन्टेड 3डी को उस दौर में भट्ट कैंप की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में से एक है. फिल्म में मिमोह चक्रवर्ती और टिया बाजपेयी मुख्य भूमिका निभाई थी. इस फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था. यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई. लगभग 14 साल के बाद यह फिल्म अपने सीक्वल के साथ वापस सिनेमाघरों में लौट रही है. मेकर्स ने सीक्वल की रिलीज डेट का एलान किया है.हॉन्टेड 3डी 2011 की हिट कहानी में से एक है. विक्रम भट्ट निर्देशित फिल्म की कहानी एक ऐसे युवक की है, जो खुद को अतीत में फंसी एक लड़की की आत्मा से रहस्यमय तरीके से जुड़ा हुआ पाता है. उसे पता चलता है कि लड़की का उसके पियानो टीजर ने रेप किया था. एक दर्दनाक घटना होती है, जो उसकी आत्मा को बेचैन कर दिया. इसके बाद




जो होता है वह खौफ, आत्मा की मुक्ति और समय सीमाओं में चीजों को सही करने की कोशिश की एक खौफनाक कहानी है.

लगभग 14 साल के बाद मेकर्स हॉन्टेड 3डी के सीक्वल के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं. हॉन्टेड 3डी के सीक्वल के प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने फिल्म के टाइटल और रिलीज डेट का एलान किया है. साथ ही, उन्होंने फिल्म के स्टार कास्ट से भी पर्दा हटाया है.आनंद पंडित ने फिल्म के सीक्वल का एक मोशन पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट की सफलता के बाद महेश भट्ट और विक्रम भट्ट के साथ फिर से जुड़कर रोमांचित हूं, हमारी अगली रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी हॉन्टेड 3डी: घोस्ट्स ऑफ द पास्ट में महाअक्षय चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं.उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट के बारे में बताते हुए आगे लिखा है, विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स और महेश भट्ट द्वारा प्रस्तुत, आनंद पंडित, राकेश जुनेजा और श्वेतांबरी भट्ट द्वारा निर्मित, रूपा पंडित और राहुल वी. दुबे द्वारा सह-निर्मित होगी.

# रसोई में एयर फ्रायर रखने से मिल सकते हैं ये 5 प्रमुख फायदे




आजकल की व्यस्त जीवनशैली में सेहतमंद खान-पान बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में एयर फ्रायर एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। यह एक ऐसा उपकरण है, जो कम तेल का उपयोग करके खाने को कुरकुरा बना सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि एयर फ्रायर का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है और यह कैसे आपकी रसोई का हिस्सा बन सकता है। एयर फ्रायर का उपयोग करके आप स्वादिष्ट और सेहतमंद भोजन बना सकते हैं।

### कम तेल का होता है इस्तेमाल

एयर फ्रायर का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह कम तेल में खाना बनाता है। पारंपरिक तरीके से तलने में बहुत सारा तेल लगता है, जिससे खाना ज्यादा कैलोरी वाला हो जाता है।

एयर फ्रायर में आपको सिर्फ एक चम्मच तेल की जरूरत होती है, जिससे खाने की कैलोरी कम हो जाती है और यह सेहतमंद बनता है। इससे आप बिना किसी चिंता के तले हुए व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

### तेजी से खाना बनाना

एयर फ्रायर न केवल सेहतमंद है, बल्कि यह तेजी से खाना भी तैयार करता है।ओवन की तुलना में एयर फ्रायर में खाना बनाने में कम समय लगता है। यह उपकरण गर्म हवा का उपयोग करके खाने को जल्दी पका देता है, जिससे आपका समय बचता है और आप अन्य काम आसानी से कर सकते हैं।इसके अलावा एयर फ्रायर में खाना बनाते समय आपको बार-बार जांचने की जरूरत नहीं पड़ती है, जिससे खाना समान तरीके से बनता है।

### अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाने की क्षमता

एयर फ्रायर का उपयोग करके आप अलग-अलग तरह के व्यंजन बना सकते हैं। इसमें आप आलू के चिप्स, पकोड़े, समोसे आदि कुरकुरे बना सकते हैं।इसके अलावा आप चिकन विंग्स, मछली, सब्जियां आदि भी एयर फ्रायर में पका सकते हैं। एयर फ्रायर में ग्रिल्ड चीजें भी बनाई जा सकती हैं जैसे पिज्जा, बर्गर आदि।इस तरह यह उपकरण आपके खाने की विविधता बढ़ाने में मदद करता है और आपको अलग-अलग स्वाद का आनंद लेने का मौका देता है।

### साफ-सफाई में आसानी

एयर फ्रायर साफ-सफाई में बहुत आसान होता है। इसके अधिकांश हिस्से अलग किए जा सकते हैं, जिन्हें आप धोकर साफ कर सकते हैं।इसके अलावा एयर फ्रायर की बाहरी सतह भी आसानी से पोंछी जा सकती है। कुछ एयर फ्रायर्स में नॉन-स्टिक कोटिंग होती है, जिससे खाना नहीं चिपकता और साफ करना आसान हो जाता है।इस प्रकार एयर फ्रायर न केवल खाना बनाने बल्कि साफ-सफाई के मामले में भी बहुत सुविधाजनक है।

### सुरक्षित और उपयोग में सरल

एयर फ्रायर सुरक्षित और उपयोग में सरल होता है। इसमें तापमान नियंत्रित करने की सुविधा होती है, जिससे आप आसानी से जान सकते हैं कि कितना गर्म करना चाहिए।इसके अलावा इसमें टाइमर सेट किया जा सकता है, जिससे खाना समय पर तैयार हो जाता है।एयर फ्रायर का हैंडल गर्म नहीं होता है, जिससे जलने का खतरा नहीं रहता है।

## भूल चूक माफ का पहला गाना रिलीज, राजकुमार राव और वामिका गब्बी का दिखा रोमांटिक अंदाज



राजकुमार राव और वामिका गब्बी की आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' का नया गाना आज रिलीज हो गया है। फिल्म के मजेदार ट्रेलर के बाद अब फिल्म का पहला गाना आज रिलीज हुआ है। 'कोई ना' एक रोमांटिक गाना है। इस गाने में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिल रही है।'भूल चूक माफ' का पहला गाना 'कोई ना' तनिष्क बागची और गिफ्टी ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। इस गाने को हरनूर और श्रेया घोषाल ने अपनी मधुर आवाज से सजाया है। यह पंजाबी गाने वालियान का रीमेक है।फिल्म का पहला गीत 'भूल चूक माफ' के प्रमुख कलाकारों राजकुमार राव और वामिका गब्बी के किरदारों रंजन और तितली की प्रेम कहानी की झलक पेश करता है। यह दिखाता है कि वाराणसी की खूबसूरत जगहों पर उनका रोमांस कैसे पनपता है

# कपड़े को नुकसान पहुंचाए बिना जिद्दी दाग हटा देगी ये नेचुरल ट्रिक, आजमा कर देखें

हल्दी भारतीय व्यंजनों का एक अभिन्न अंग है. यह न केवल अपने स्वाद और रंग के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसके औषधीय गुणों के लिए भी प्रसिद्ध है. हालांकि, इसकी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक कपड़ों पर छोड़े जाने वाले जिद्दी पीले दाग हैं! कई लोगों की शिकायत होती है कि हल्दी का दाग एक बार लग जाने के बाद कभी नहीं जाता है. हल्दी में मौजूद करक्यूमिन घटक रंग को बनाए रखने की क्षमता रखता है, जिससे दागों को आसानी से हटाना मुश्किल हो जाता है. लेकिन चिंता ना करें! कुछ आसान और नेचुरल घरेलू उपायों से आप अपने कपड़े को नुकसान पहुंचाए बिना घर पर ही इन दागों को साफ कर सकते हैं. खबर के माध्यम से जाने कैसे...



### नींबू और नमक: नेचुरल क्लीनर

यदि आपके कपड़ों पर हल्दी का दाग ताजा है, तो आप इसे नींबू के रस और नमक का उपयोग करके हटा सकते हैं. दाग पर ताजा नींबू निचोड़ें, थोड़ा नमक छिड़कें और धीरे से रगड़ें. इस मिश्रण को दाग पर 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर कपड़े को धो लें. धूप में सुखाने पर रिजल्ट बेहतर दिखते हैं.

नींबू और नमक कपड़े से कॉफी, चाय या पसीने के दाग भी हटा सकते हैंकपड़े के दाग वाले हिस्से पर थोड़ा नमक छिड़कें. आधे कटे नींबू से रगड़ें.फिर कपड़े को डिटर्जेंट से धोएं, ऐसा करने से दाग जल्दी हट जाएंगे

### बेकिंग सोडा: जिद्दी दागों के लिए एक इफेक्टिव तरीका

जिद्दी दागों के हटाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा और थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को दाग वाले जगह पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें. फिर पेस्ट सूख जाने के बाद उसे हल्के हाथों से रगड़ें और कपड़े को ठंडे पानी से धो लें. ऐसा करने से सख्त दाग कपड़े से जल्दी हट जाएंगे.

### विनेगर का इस्तेमाल: दाग-धब्बे हल्के करने के लिए बढ़िया

सफेद सिरके के एसिटिक गुण हल्दी के दागों को हटाने में मदद करते हैं. आप कपड़ों पर लगे दागों को हटाने के लिए सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं. साबुन के जमाव की तरह, गंदगी और खाने के कण सिरके के संपर्क में आने पर हल्के हो सकते हैं. ऐसा करने के लिए, एक गिलास पानी में 1 कप सिरका घोलें. फिर उस घोल को सीधे दाग वाली जगह पर डालें और थपथपाएं. फिर, इसे कुछ मिनट तक लगा रहने दें और फिर कपड़े को धो लें. यदि आवश्यक हो तो प्रक्रिया को दो बार दोहराएं

### हैंड सैनिटाइजर या अल्कोहल

हैंड सैनिटाइजर कपड़ों से दाग हटाने में कारगर हो सकता है, खास तौर पर स्याही, खून और हल्दी दाग. सैनिटाइजर में मौजूद अल्कोहल दाग हटाने मदद करता है, ऐसे में यदि हल्दी का दाग कपड़े काफी समय से लगा हुआ है तो थोड़ा सा हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें. इसे दाग पर लगाकर 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर धीरे से रगड़ें. फिर कपड़े को साबुन के पानी में धो लें. ऐसा करने से दाग कपड़े से जल्दी हट जाएंगे.

### टूथपेस्ट: कपड़े से दाग हटाने का आसान तरीका

सादे सफेद टूथपेस्ट से कपड़ों से दाग हटाने का एक कारगर और आसान तरीका हो सकता है. कपड़े से दाग हटाने के लिए टूथपेस्ट को दाग वाली जगह पर लगाएं, फिर इसे 15 मिनट के लिए छोड़ दें, और गीले कपड़े से पोंछ दें. फिर कपड़े को धो लें. टूथपेस्ट में मौजूद सफाई तत्व दाग को हल्का कर देते हैं और इससे आसानी से दाग निकल जाते हैं.

००

# आईपीएल 2025 के पहले सुपर ओवर में दिल्ली ने राजस्थान को हराया

## स्टार्क ने हारा हुआ मैच टाई में बदला

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बुधवार, 16 अप्रैल को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के पहले सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स को हरा दिया. सुपर ओवर में राजस्थान 5 गेंद में 11 रन ही बना सकी थी, क्योंकि उनके दोनों बल्लेबाज रियान पराग और जायसवाल आउट हो गए थे. जिसकी वजह से दिल्ली को 12 रन का टारगेट मिला, जिसे वो 4 गेंद में ही हासिल कर लिया.

कैपिटल्स और रॉयल्स के बीच मैच आखिरी ओवर तक गया, क्योंकि 188 के जवाब में राजस्थान की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी था. राजस्थान को जीत के लिए आखिरी ओवर में केवल 9 रनों की जरुरत थी और उसके 7 खिलाड़ी बचे हुए थे, लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाज स्टार्क ने आखिरी ओवर में सिर्फ 8 रन खर्च किए, जिसकी वजह से मैच टाई हो गया और सुपर ओवर में चला गया. यह आईपीएल इतिहास का 15वां सुपर ओवर था और लीग के 2022 संस्करण के बाद पहला सुपर ओवर था.इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है. उनके 6 मैचों में 5 जीत के साथ कुल 10 अंक हो गए है, वहीं दूसरी ओर, राजस्थान रॉयल्स 7 मैचों में 2 जीत और 5 हार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गया है.मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, कैपिटल्स ने रॉयल्स के सामने 5 विकेट खोकर 189 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा. जिसमें अभिषेक पोरेल ने 37 गेंदों पर 49 रन बनाए. उसके बाद केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हो गए. अंत में अक्षर पटेल ने मात्र 14 गेंदों पर 34 रन बनाकर पारी में गति भर दी, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे. डेथ ओवरों में ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंदों पर 34 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सुरुचि और सौरभ की जोड़ी ने रचा इतिहास, शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

नई दिल्ली(आरएनएस)। सुरुचि फोगाट और सौरभ चौधरी की स्टार भारतीय जोड़ी ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा है. उन्होंने याओ कियानक्सुन और हू काई की चीनी जोड़ी को 17-9 से हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता. यह सुरुचि का तीसरा विश्व कप स्वर्ण और सौरभ का नौवां स्वर्ण पदक था.इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में संयुक्त 580 अंकों के साथ लास पालमास रेंज में स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई, जिसमें सुरुचि ने सौरभ को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया. चीनी जोड़ी ने 585 अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया. फाइनल मुकाबले में भी चीनी जोड़ी ने 2-6 और 4-8 की बढ़त के साथ बढ़त हासिल की, लेकिन भारतीय कोच समरेश जंग द्वारा लिए गए टाइम आउट से मैच की गति बदल गई.सुरुचि ने पूरे मैच में शानदार शॉट लगाए और दो बार जब वह 10-रिंग से चूक गईं, तो उनके टोक्यो ओलंपियन साथी ने हाई 10 के साथ भरपाई की, जिसमें मैच के पहले हिट के लिए 10.9 शामिल थे.इस जोड़ी ने 10वीं सीरीज में सिंगल शॉट की पहली सीरीज के बाद खोई हुई बढ़त हासिल कर ली, और 11-9 से आगे हो गईं, जबकि आठवीं सीरीज में स्कोर 9-9 से बराबर हो गया था. इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जीत हासिल करने के लिए उन्हें सिर्फ अगली तीन सीरीज की जरूरत थी, क्योंकि चीनी खिलाड़ी दबाव में पहले शॉट में चूक गए.

## बीसीसीआई का बड़ा एक्शन, गौतम गंभीर के स्टाफ से 3 कोच किए बाहर, चौंकाने वाली वजह आई सामने

मुंबई,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 2024-24 में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के बाद गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ पर अपना चाबुक चलाया है.




ऑस्ट्रेलिया में भारत की 1-3 से सीरीज हार के बाद अब बीसीसीआई ने सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ-साथ क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को उनके पदों से हटा दिया है.बीजीटी 2024-25 में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम 1-3 से हार गई और सीरीज के दौरान कई खबरें लीक हुईं. सीरीज हारना खेल का हिस्सा है, लेकिन ड्रेसिंग रूम से खबरें लीक होना एक आश्चर्य की बात थी. ऐसी खबरें थीं कि एक निश्चित खिलाड़ी टीम का अंतरिम कप्तान बनना चाहता था, फिर एक और चौंकाने वाली रिपोर्ट आई जिसमें आरोप लगाया गया कि भारत के कोच गौतम गंभीर ने लीक हुई खबरों के लिए सरफराज खान को जिम्मेदार ठहराया था।

## आईपीएल में आज होगा आरसीबी और पंजाब में मुकाबला

### शाम 7.30 बजे से होगा मैच

बेंगलुरु,(आरएनएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स से खेलेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी पर आरसीबी को इसमें घरेलू हालातों का लाभ मिल सकता है। अभी तक दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। दोनो ही टीमों ने अब तक चार-चार मैच जीतकर 8 अंक हासिल किये हैं पर रेट रन रेट के आधार पर आरसीब तीसरे जबकि पंजाब चौथे स्थान पर है। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बज्लेबाज और गेंदबाज हैं , ऐसे में प्रशंसकों को एक रोमांचक मैच देखने को मिलेगा। इस मैच में आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ओर पंजाब के स्पिनर युजवेंद्र चहल के बीच कड़ी टक्कर होगी। चहल ने पिछले मैच में जबरदस्त गेंदबाजी कर अपनी टीम की ओर से 112 रनों के लक्ष्य का बचाव करने में सफलता हासिल की थी। आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर पिछले मैचों में स्पिनरों के सामने संघर्ष करना पड़ा था।

## नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर में जीत हासिल की

पोटचेफस्ट्रूम ((आरएनएस)। भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका में हुई पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता में जीत हासिल कर सत्र की शानदार शुरुआत की है। चोपड़ा ने इस वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर



प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में छह खिलाड़ियों ने भाग लिया था। नीरज ने यहां मेजबान देश के डौव स्मिट को भी पीछे छोड़ा जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंचे। नीरज और स्मिट ही प्रतियोगिता में 80 मीटर से अधिक भाला फेंक सके। मेजबान देश के ही एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन ने 71.22 मीटर भाला फेंका ओर वह तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा आजकल दक्षिण अफ्रीक में अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी की निगरानी में अभ्यास कर रहे हैं। नीरज अब अगले माह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

# सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर रखने पर रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी, किये कई बड़े खुलासे

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 के समापन के बाद भारतीय टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करने वाली है. ये सीरीज 20 जून से शुरू होगी. भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा इस दौरे को टीम इंडिया के लिए बड़ी चुनौती करार दे रहे हैं, क्योंकि भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की उम्मीद कर रहा है।

रोहित ने माइकल क्लार्क से बियॉन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट पर पिछले इंग्लैंड टूर के बारे में बात करते हुए कहा, पिछली बार जब हमने इन खिलाड़ियों के साथ खेला था, तो सीरीज 2-2 से बराबर थी. हमें इनमें से कुछ खिलाड़ियों (बुमराह और शमी) को 100% फिट होने की जरूरत है. जिसके बाद हमारे पास एक शानदार सीरीज होगी, और मैं जानता हूं कि ये खिलाड़ी इन दिनों किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं. यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक अच्छी चुनौती होगी।

भारतीय कप्तान इंग्लैंड सीरीज के दौरान निश्चित रूप से आलोचनाओं का सामना करेंगे, क्योंकि वो 2024-25 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बुरी तरह से फ्लॉप रहे थे. 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में रोहित ने 3 मैच खेले थे और सिर्फ 31 रन बन सके थे. पहले टेस्ट में वो उपलब्ध नहीं थे जबकि आखिरी टेस्ट में खराब फॉर्म का हवाला देते हुए उन्होंने खुद को टीम से बाहर कर लिया था।



रोहित ने खुद को बाहर रहने के फैसले के बारे में भी खुलकर बात की. उनकी जगह शुभमन गिल को शामिल किया गया था और भारत ने उस मैच को भी छह विकेट से गंवा दिया था. रोहित ने पॉडकास्ट में कहा, मुझे खुद के साथ ईमानदार होना था - मैं गेंद को अच्छी तरह से नहीं मार रहा था, और मैं सिर्फ खेलना नहीं चाहता था. कुछ अन्य खिलाड़ी भी संघर्ष कर रहे थे, और हम वास्तव में चाहते थे कि गिल खेलें. वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है इसलिए हमें लगा कि वह एक मौका पाने का हकदार है. मैंने कोच और चयनकर्ता से बात की, जो दौरे पर भी थे, और वे कुछ हद तक सहमत थे, कुछ हद तक नहीं।

रोहित ने आगे कहा, आप टीम को पहले रखने की कोशिश करते हैं, देखते हैं कि टीम को क्या चाहिए, और उसके अनुसार निर्णय लेते हैं. कभी-कभी यह काम करता है, कभी-कभी नहीं, बस यही होता है. आप जो भी निर्णय लेते हैं, उसकी सफलता या सही होने की कोई गारंटी नहीं होती. आप बस वही करते हैं जो टीम के लिए सबसे अच्छा लगता है.

रोहित ने ये भी कहा, जब से मैंने राष्ट्रीय टीम की कप्तानी शुरू की है, सिर्फ मैं ही नहीं, मैं चाहता हूं कि बाकी खिलाड़ी भी ऐसा ही सोचें - टीम को प्राथमिकता दें और टीम के लिए जो जरूरी है वो करें और मेरे रन, मेरे स्कोर और इस तरह की चीजों के बारे में ज्यादा चिंता न करें. यह जरूरी है क्योंकि आप एक टीम स्पोर्ट खेल रहे हैं.रोहित शर्मा ने 2024-25 सीजन के दौरान अपने करियर के सबसे खराब दौर में से एक का सामना किया. उन्होंने 15 पारियों में 10.83 की औसत से सिर्फ 164 रन बनाए. रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे, जिसमें भारत 0-3 से हार गया था. यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा को 20 जून से शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए चुना जाएगा या नहीं।

# विदेश समाचार

## पाकिस्तान में ओलावृष्टि का कहर : इस्लामाबाद से ख़ैबर पख़्तूनख़्वा तक तबाही, सैकड़ों गाड़ियों को नुक़सान



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और अफ़ग़ानिस्तान सीमा से सटे प्रांत ख़ैबर पख़्तूनख़्वा के कई हिस्से बुधवार को अचानक आई तेज़ ओलावृष्टि से प्रभावित हो गए।

इस भारी ओलावृष्टि ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया और सैकड़ों कारों, घरों और दुकानों के शीशे टूट गए। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, इस्लामाबाद के स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने जीवन में इतने बड़े और भारी ओले पहले कभी नहीं देखे।ख़ैबर पख़्तूनख़्वा के लंडी कोतल क्षेत्र में ओलों के साथ भारी बारिश हुई, जिससे इलाके में अचानक बाढ़ जैसे हालात बन गए। बाढ़ के पानी में कई वाहन बहने की घटनाएं भी सामने आईं।इस पूरी तबाही के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रही हैं, जिनमें टूटी हुई कारों की खिड़कियाँ, घरों की क्षतिग्रस्त छतें और जलभराव से जूझते लोग देखे जा सकते हैं।मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में कुछ इलाकों में और बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं, लेकिन प्रभावित लोगों ने सरकारी मदद की धीमी गति को लेकर नाराज़गी भी जताई है।

# 50 लाख साल पहले आई भयावह बाढ़ ने सूख चुके भूमध्य सागर को पानी से भर दिया : शोध

लंदन (ए)। करीब 50 लाख साल पहले धरती पर एक ऐसी विनाशकारी घटना हुई, जिसने न सिर्फ भूगोल को बदल दिया बल्कि आज के भूमध्य सागर का जन्म को भी तय किया। वैज्ञानिकों के अनुसार तब भूमध्य सागर पूरी तरह सूख चुका था और यह इलाका एक विशाल, गर्म, सूखी और नमकीन घाटी जैसा था। अटलांटिक महासागर से संपर्क टूटने के कारण यहाँ का जल स्तर हजारों फीट नीचे चला गया और नमक की मोटी परतें समुद्र तल पर जम गई। इस सूखे काल को 'मेसिनियन नमक संकट' बताया गया। परंतु यह संकट तब खत्म हुआ जब अटलांटिक महासागर का पानी एक विशाल बाढ़ के रूप में घाटी में घुस आया।

इस बाढ़ को ज़ैंकलीन मेगाफ्लड के नाम जाना गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बाढ़ जिब्राल्टर की जगह से आई, जहां आज अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर आपस में मिलते हैं। बाढ़ की रफ्तार इतनी तेज थी कि पानी एक किलोमीटर ऊंची ढलान से गिरा और इसकी गति एक तेज रफ्तार कार से भी ज्यादा थी। इतना ही नहीं पानी ने अपने रास्ते में इतनी गहरी खाई बनाई, जितनी ऊंची आज की गगनचुंबी इमारतें होती हैं। इतना सारा पानी कुछ सालों या शायद कुछ महीनों में पूरे सूखे भूमध्य बेसिन को भर गया। जब यह बाढ़ चरम पर थी, तब इसमें अमेज़न नदी से करीब 1,000 गुना अधिक पानी बह रहा था।



2009 में वैज्ञानिकों ने बताया कि जिब्राल्टर के पास समुद्र के नीचे एक बड़ी घाटी का पता लगाया, जो शायद विशाल बाढ़ के कारण बनी थी। हाल ही में वैज्ञानिकों ने ज़ैंकलीन युग की तलछटी चट्टानों की जांच की, जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि कैसे पानी ने सिसिली और अफ्रीका के बीच की जमीन को पार कर पूर्वी भूमध्य सागर को भी भरा। सिसिली के दक्षिणी हिस्से में वैज्ञानिकों ने असामान्य आकृतियों वाली पहाड़ियों का अध्ययन किया, जो वाशिंगटन (अमेरिका) में पिछली बर्फीली महाबाढ़ से बनी पहाड़ियों जैसी थीं। वहां मिली चट्टानें और कटाव इस बात का संकेत देती हैं कि यह इलाका भी एक भयानक बाढ़ से गुजरा था।

वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि पानी की रफ्तार 115 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती थी और यह 40 मीटर तक गहराई में जमीन को काटता हुआ बहा। एक अनुमान के अनुसार हर सेकंड 1 करोड़ 30 लाख क्यूबिक मीटर पानी इस बाढ़ में बह रहा था। यह आंकड़ा इसकी पुष्टि करता है कि यह पृथ्वी के इतिहास की सबसे भीषण बाढ़ों में से एक रही होगी। इसने न केवल समुद्र का रूप बदला बल्कि जीव-जंतुओं की प्रजातियों पर भी गहरा असर डाला।

भूमध्य सागर की आज की संरचना इसी घटना की देन है।

## हमे फर्क नहीं पड़ता, डोनाल्ड ट्रंप के 245 प्रतिशत टैरिफ हमले पर चीन के आया ये जवाब

बीजिंग ,(आरएनएस)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से चीन के ऊपर लगाए गए 245 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चीन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।




बीजिंग की तरफ टैरिफ को बढ़ाने के फैसले पर तंज कसते हुए कहा गया कि ट्रंप प्रशासन द्वारा चीनी आयात पर लगाया गया यह टैरिफ अब तर्कसंगत नहीं है, इससे अब ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। चीन इस व्यापारिक युद्ध में शामिल नहीं होना चाहता है लेकिन इतना साफ है कि हम इससे डरते भी नहीं है। ऐसे व्यापारिक युद्धों का कोई विजेता नहीं होता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चीन की तरफ से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अमेरिका द्वारा उसके ऊपर लगाए गए टैरिफ केवल अब आंकड़ों का खेल बन चुके हैं। इन टैरिफ्स का असर आर्थिक रूप से नहीं पड़ेगा। दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन की तरफ से लिए गए इस फैसले से यह साफ हो गया है कि कैसे अमेरिका दूसरों को डराने-धमकाने और मजबूर करने के लिए टैरिफ का उपयोग एक हथियार के रूप में करता है। ट्रंप प्रशासन को निशाने पर लेते हुए चीनी प्रवक्ता ने कहा, अगर अमेरिका टैरिफ के साथ आंकड़ों का खेल-खेलना जारी रखता है तो चीन उसे नजरंदाज ही करेगा.. क्योंकि इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा.. हां, लेकिन अगर अमेरिका अगर चीन के अधिकारों और हितों को वास्तविक नुकसान पहुंचाना जारी रखता है, तो चीन इसका प्रतिरोध पूरी ताकत के साथ करेगा और आखिर तक अपनी बात पर अड़ा रहेगा। चीन से जब इसके बारे में टैरिफ रेट के बारे में पूछा गया को मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह आप अमेरिका से ही पूछिए। यह लड़ाई अमेरिका की तरफ से शुरू की गई है.. हम सिर्फ अमेरिका के हमलों का जवाब दे रहे हैं। हम जो भी कदम उठा रहे हैं वह बहुत ही तार्किक हैं, जबकि अमेरिका की तरफ से उठाए गए कदम बिल्कुल भी तर्कसंगत नहीं हैं।

बता दें कि अमेरिका की तरफ टैरिफ वॉर में एक कदम और आगे बढ़ते हुए चीन से आयात होने वाले सामानों पर 245 फीसदी तक टैरिफ लगा दिया गया था। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि चीन पर यह टैरिफ उसके द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई का नतीजा है।

## हम हिंदुओं से अलग हैं' पाक आर्मी चीफ ने फिर उगला जहर, कश्मीर को लेकर फिर दी गीदड़भभकी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला है।



एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने नफरती बयान देते हुए कहा कि पाकिस्तानियों को अपनी अलग पहचान और संघर्षों की कहानी अपनी अगली पीढ़ियों को जरूर सुनानी चाहिए।मुनीर ने कहा, हम हर एंगल से हिंदुओं से अलग हैं हमारा धर्म, रिवाज और सोच अलग है। हम दो राष्ट्र हैं, एक नहीं। उन्होंने दावा किया कि दुनिया में सिर्फ दो मुल्क कलमे की बुनियाद पर बने मदीना और पाकिस्तान।आर्मी चीफ ने कश्मीर को पाकिस्तान की शिरगर्द नस बताया और कहा कि कोई ताकत कश्मीर को पाकिस्तान से अलग नहीं कर सकती। भारत पर तंज कसते हुए बोले कि 1500 आतंकवादी देश की किस्मत नहीं बदल सकते, हम जल्द आतंकियों की कमर तोड़ देंगे। मुनीर ने गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई की आलोचना करते हुए फिलिस्तीनियों के प्रति समर्थन जताया। अंत में उन्होंने पाकिस्तान के अस्तित्व को अल्लाह की देन बताते हुए लोगों से भावुक अपील की कि वे अपने देश की कहानी अगली पीढ़ियों को जरूर सुनाएं।

# आ गई टाईम मैगजीन की लिस्ट, ट्रंप से लेकर यूनुस का नाम शामिल; किसी भी भारतीय को नहीं मिली जगह



न्यूयॉर्क (आरएनएस)। दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में से एक टाईम मैगजीन ने 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी कर दी है। इस बार की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर बांग्लादेश के विवादित नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस तक के नाम शामिल हैं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस साल इस सूची में किसी भी भारतीय को जगह नहीं मिली है।

टाईम की यह सालाना लिस्ट वैश्विक स्तर पर सबसे प्रभावशाली मानी जाती है और इसे लीडर्स, आइकॉन्स, और टाइटन्स जैसी विभिन्न कैटेगरीज में बांटा गया है। 2025 की सूची में टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारर, अमेरिकी राष्ट्रपति जेडी वेंस, और रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया जैसे नाम प्रमुख हैं।

2024 की लिस्ट में भारत से आलिया भट्ट और साक्षी मलिक जैसे नाम शामिल थे, लेकिन इस बार किसी भी भारतीय को शामिल न किया जाना कई लोगों को हैरान कर रहा है, खासकर तब जब भारत टेक्नोलॉजी, डिप्लोमेसी और क्रिएटिव फील्ड में लगातार नए कीर्तिमान बना रहा है।

हालांकि, भारतीय मूल की रेशमा केवलरमानी ने इस बार की लिस्ट में जगह बनाई है। वह अमेरिका की जानी-मानी बायोटेक कंपनी वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स की सीईओ हैं। रेशमा 11 साल की उम्र में भारत से अमेरिका गई थीं और अब एक पब्लिक बायोटेक कंपनी की पहली महिला सीईओ बन चुकी हैं। उनकी प्रोफाइल टाइम के लेखक जेसन केली ने लिखी है।

इस बार की लिस्ट में सेरेना विलियम्स, ग्रेटा गेरविग, एड शीरन और स्नूप डॉग जैसे पॉपुलर नाम भी शामिल हैं। 21 साल से प्रकाशित हो रही यह लिस्ट न केवल पॉपुलैरिटी बल्कि प्रभाव, नेतृत्व और बदलाव लाने की क्षमता को भी दर्शाती है।

भारतीयों की गैर-मौजूदगी पर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है। यूजर्स का कहना है कि जब भारत वैश्विक मंचों पर इतनी बड़ी भूमिका निभा रहा है, तब टाईम की लिस्ट में किसी भारतीय को जगह न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## ईरान के सीक्रेट न्यूक्लियर प्रोग्राम से अमेरिका बौखलाया, आईएईए प्रमुख की चेतावनी- 'किसी भी वक्त बना सकता है बम'

न्यूयॉर्क ,17 अप्रैल । अमेरिका और पश्चिमी देशों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंता फिर तेज हो गई है। आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की दहलीज पर है। उन्होंने कहा, ईरान के पास जिग्सॉ पज़ल के सभी टुकड़े मौजूद हैं, जिन्हें कभी भी जोड़कर परमाणु बम तैयार किया जा सकता है।

ग्रॉसी इस समय ईरान दौरे पर हैं और उन्होंने चेतावनी दी कि 2015 की परमाणु डील के विफल होने के बाद तेहरान ने अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को तेज़ कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना ह्रश्व की भागीदारी के कोई भी नया परमाणु समझौता केवल एक कागज़ का टुकड़ा होगा।

इस बीच अमेरिका ने फिर से आगाह किया है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा बन सकता है। यदि ईरान परमाणु बम विकसित करता है, तो इससे मिडिल ईस्ट में हथियारों की होड़ शुरू हो सकती है। सऊदी अरब भी कई बार स्पष्ट कर चुका है कि यदि ईरान ने परमाणु हथियार बनाए, तो वह भी जवाबी कदम उठाएगा। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे जल्द कोई फैसला लेने को तैयार हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां





सीहोर (निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## *जिले के सभी जनपदों में रोजगार शिविरों का आयोजन*

*सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के सभी जनपदों में 17 से 22 अप्रैल तक प्रात: 10:30 से शाम 04 बजे तक रोजगार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन रोजगार शिविरों में भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद एवं एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाईजर, कैश ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल को जनपद पंचायत बुधनी में रोजगार शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 21 अप्रैल को जनपद पंचायत इछावर, 22 अप्रैल को जनपद पंचायत भैरूंदा में प्रात: 10:30 से शाम 04 बजे तक रोजगार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार शिविरों में 18 से 45 वर्ष के 10 वी पास/फेल आवेदक उपस्थित हो सकते हैं।*

# शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान में आज किया जाएगा शहद की धारा से अभिषेक

## 11 लीटर गन्ने के रस से किया गया भगवान शिव का अभिषेक



सीहोर (निप्र)। शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है, गुरुवार को यहां पर श्रद्धालुओं और यजमानों के द्वारा 11 लीटर गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक किया गया और उसके पश्चात राम चरित्र मानस का पाठ आदि किया गया।

इस मौके पर पंडित पवन व्यास और पंडित कुणाल व्यास ने बताया कि धन संपदा की प्राप्ति के लिए शिवलिंग पर गन्ने के रस की धार चढाने के साथ ही कमल, बिल्व पत्र, शतपत्र और शंखपुष्प से भगवान शिव का पूजन किया जाता है। रुद्राभिषेक पूजा पुनर्वसु, पुष्य और अश्लेषा नक्षत्रों के हानिकारक प्रभाव को कम करती है और बदले में उन्हें लाभकारी बनाती है। यह असामयिक घटनाओं और दुर्घटनाओं को रोकता है तथा शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करता है। यह कर्म दोषों को समाप्त करता है तथा बुरी नजर और नकारात्मक ऊर्जा से बचाता है। परिवार को शांति, सद्भाव और समृद्धि प्रदान करता है। गुरुवार को यजमान परिवार के सुबह गन्ने के रस से अभिषेक किया और पंडित श्री व्यास ने हवन में आहुतियां दी।

पंडित श्री व्यास ने बताया कि जिमि सरिता सागर महुं जाही, जद्यपि ताहि कामना नाहीं, तिमि सुख संपति बिनहिं बोलाएं, धरमसील पहिं जाहिं सुभाएं, मंत्र बालकांड से लिया गया है। इसका मतलब यह है कि नदियां बहती हुई सागर की ओर ही जाती हैं, चाहे उनके मन में उधर जाने की कामना हो या नहीं। ठीक उसी तरह, सुख-संपत्ति भी बिना चाहे ही धर्मशील और विचारवान लोगों के पास चली आती हैं। लक्ष्मी चंचला बताई गई हैं। ऐसी मान्यता है कि वे हमेशा के लिए एक जगह टिककर नहीं रहती हैं, लेकिन जिन घरों में लोग एक-दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक, शांति व संतोष से रहते हैं, वहां लक्ष्मी स्थाई रूप से बस जाती हैं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो व्यक्ति लग्न और ईमानदारी से मेहनत करता है। देवी महालक्ष्मी अपना आशीर्वाद सदैव उस पर बनाई रखती हैं। भगवान को सदा अपने अंग-संग समझें और उनकी कृपा के लिए सदैव उन्हें धन्यवाद देते रहें। करुणा को अपनाओ, असत्य का आश्रय न लो, सत्य-पथ को अपनाओ, पवित्रता से रहो, आहार-विहार को शुद्ध करो, सभी प्राणियों की सेवा करो, किसी भी प्राणी के साथ मन, वाणी और शरीर से किसी भी प्रकार का वैर न रखो, सबके साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करो, द्वेष भाव को त्याग कर सबके कल्याण में रमे रहो, माता-पिता गुरुजनों की सेवा करो और काम को त्यागकर सबके कल्याण में रमे रहो, क्रोध, लोभ तथा मोह को पास मत फटकने दो।

### आज किया जाएगा शहद की धारा के साथ अभिषेक

समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शुक्रवार को शहर के गंगाआश्रम स्थित गोपालधाम हनुमान मंदिर में सुबह सात बजे से शहद की धारा के साथ अभिषेक किया जाएगा। वैशाख माह में शिव प्रदोष समिति के तत्वाधान में लगातार एक माह तक हवन और अभिषेक किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से दिव्य अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की।

# जिला पंचायत सीईओ ने की पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के कार्यों की समीक्षा

*सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा प्रति गुरुवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिले में संचालित सभी गतिविधियों की विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकासखंडवार समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्यान्न उठाव, मोबाइल एप के माध्यम से शालाओं का निरीक्षण, पोषण पखवाडा अभियान तथा जिले में शाला स्तर पर शिक्षकों द्वारा किये जा रहे नवाचार संबंधी कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में खाद्यान्न उठाव में समस्या आ रही है उनका त्वरित निराकरण करें। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन सीहोर विकासखंड के ग्राम पाडली स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला की शिक्षिका श्रीमती अर्पणा लवाहे द्वारा पीएम पोषण योजना के तहत शाला परिसर में बनाई गई मां की बगिया की सराहना की गई। इसके साथ ही आष्टा विकासखण्ड के चुपाडिया स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की प्राचार्य श्रीमती सीमा जैन एवं शिक्षकों, विद्यार्थियों, रसोइयों द्वारा शाला में बनाई गयी माँ की बगिया, पोषण वाटिका, औषधीय वाटिका के संबंध में चर्चा कर प्रोत्साहित किया गया एवं सराहना की गई।*



## मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

सीहोर (निप्र)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आसान बना दिया गया है। कल्याणी महिला (विधवा महिला) सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के विवाह पोर्टल https://vivahportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। मंत्री श्री कुशवाह ने सभी जिलाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण के निर्देश दिए है। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश में निवासरत कल्याणी बहनों को समाज की मुख्य धारा से जोडने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है।

# पी.एच.ई. विभाग ने ग्राम खामलिया में दो नलकूप खनन किये दोनो में मिला भरपूर पानी समाजसेवी एम.एस.मेवाडा की मेहनत लाई रंग

## बोर से भरपूर पानी निकलते ही जनता ने श्री रामजी एवं पवन पुत्र हनुमान जी की जय-जयकार

सीहोर (निप्र)। जिले के ग्राम खामलिया में जल संकट को लेकर विगत दिनों किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाडा के नित्तृव में ग्रामवासियों ने ग्राम में हुये जल संकट को लेकर मा. मुख्य मंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव, पी.एच.ई. मंत्री व सीहोर के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देकर ग्राम में उत्तपन्न जल संकट को लेकर शीध्र नलकूप खनन कार्य कराये जाने की मांग की गई थी। जिसको कई समाचार पत्रों ने इलेक्ट्रानिक मिडिया एवं सोशल मिडिया ने खबर को प्रमुखता से उठाया था। जिस पर मुख्य मंत्री जी कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग वल्लभव भवन द्वारा कलेक्टर सीहोर को ग्राम खामलिया में जल संकट दूर करने के निर्देश दिये गये थे। जिस पर पी.एच.ई. विभाग सीहोर एवं मैकेनिकल विभाग सीहोर द्वारा बोर मशीन ग्राम में भेजकर दो नलकूप खनन कराये गये। जिसमें हनुमान मंदिर के पास 100 फिट पर पर्याप्त पानी प्राप्त हुआ है। दूसरा नलकूप खनन राम मंदिर के पीछे किया गया जिसमें 100 फिट पर पानी प्राप्त हुआ था। साथ ही 300 फिट पर अर्थात भरपूर पानी प्राप्त हुआ जिसकी खूशी में ग्रामीण जनता झूम उठी, श्री रामजी एवं पवन पुत्र हनुमान जी की जय-जयकार साथ ही किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाडा के नितृव में मा0. मुख्यमंत्री जी डॉ मोहन यादव जी, केन्द्रीय कृषिमंत्री मा. शिवराज सिंह चैहान जी , पी.एच.ई मंत्री मासम्पतिया उइके एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री मा. कृष्णा गौर का जोरदार धन्यवाद किया।



# नेशनल हेराल्ड मामले में बीजेपी युवा मोर्चा का प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

## कांग्रेस नेता सोनिया-राहुल गांधी का पुतला फूंका



बुदनी (निप्र)। भैरुंदा के दुर्गा मंदिर चौराहे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर दोनों नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला फूंका।

युवा मोर्चा ने पुतला दहन से पहले दुर्गा मंदिर चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- कांग्रेस सरकार में ही केस दर्ज हुए- भैरूंदा भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि ईडी देश की एक सर्वोच्च संस्था है, जो बड़े घोटालों को उजागर कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर घोटाले के आरोप उनकी ही सरकार के समय दर्ज किए गए थे। अब जब ईडी सही दिशा में जांच कर रही है, तब ये दोनों ईडी कार्यालय जाकर अधिकारियों को धमकाने और जांच को भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने देश को लूटने का काम किया है, आज भैरूंदा में प्रदर्शन किया, आलाकमान के निर्देश पर प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर राहुल गांधी के खिलाफ पुतला दहन का आयोजन किया जा रहा है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्म जयंती पर भव्य ऐतिहासिक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

भैरूंदा/नसरुल्लागंज(संजय कलमोर)। बाबा साहब अम्बेडकर की जन्म जयंती पर डॉ धरमसिंह मेहरा परिवार के द्वारा समाज कल्याण परिषद् के अध्यक्ष जी पी मेहरा मुख्यअतिथि की अध्यक्षता एवं विशेष अतिथि अतंराष्ट्रीय साहित्यकार कवि डॉ अशोक आजाद की गरिमामय उपस्थिति मे संपन्न हुआ वही देश के बड़े कवियों के सांथ काव्य यात्रा का आरंभ हुआ कुमार नितेश नैश भोपाल ,पंकज अंगार ललितपुर, दीपक सरस मुल्ताई, शीतल देव्यानी इंदौर, डा.प्रतिभा पटेल जबलपुर एंव हमारे क्षेत्र भेरुंदा के तेजी से उभरते हुए कवि अनभिज्ञ आनंद के संयोजन मे संपन्न हुआ हमारे क्षेत्रीय प्रतिभा गजानंद डिगोनिया भेरुंदा संदीप कलाम चकल्दी फहीम सरफरोष लाड़कुई को मंच पर कविता पाठ करवाया गया मेहरा समाज कल्याण परिषद् अध्यक्ष जी पी मेहरा एवं कवि डॉ अशोक आजाद के द्वारा कवि कवियित्रियों को शील्ड प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया।

## दानदाता सम्मान समारोह का आयोजन पीएम श्री विद्यालय लाड़कुई मे किया गया...

बुधनी (संजय कलमोर )। भैरुंदा अंतर्गत पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाड़कुई में आज दानदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी व उपस्थित गणमान्य नागरिको द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर, उपस्थित वरिष्ठ जन द्वारा दानदाताओ का पुष्प हार पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मदनसिंह रघुवंशी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई, इस अवसर पर रमेश राम उइके जिला परियोजना समन्वयक जिला सीहोर, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी, स्वरूप सिंह सरपंच ग्राम पंचायत लाड़कुई के साथ जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी गणमान्य नागरिक, पालक एवं दानदाताओं की उपस्थिति रही वही अपने संबोधन मे एसडीएम ने दानदाताओं की सराहना की और विद्यालय के सर्वांगीण विकास में जो दानदाता सहभागी बने उन्हें बधाई और शुभकामना दी एवं विद्यालय में दिए गए दान को सर्वश्रेष्ठ दान व कार्य बताया एवं जैसा की लाड़कुई स्कूल में दानदाताओं के द्वारा जो सामग्री दी जा रही है, यदि ऐसा हर एक ग्राम मे हो, तो बच्चो को शिक्षा मे सहयोग प्रदान हो सकता है, ओर एक आदर्श स्थापित कर सकते है वही जानकारी देते हुए पीएमश्री विद्यालय के प्राचार्य विजय नागर ने बताया कि विगत वर्ष भी दानदाताओं के द्वारा लगभग तीन लाख रुपए की सामग्री शाला में प्रदान की गई थी। ओर, इस वर्ष भी लगभग इतनी ही राशि की सामग्री प्रदान की गई है, जिसमें वाटर कूलर, सोलर टेबल लैंप, खेल सामग्री, बालिकाओं के लिए संदूक, सीलिंग फैन, कंप्यूटर मॉनिटर, पुस्तकालय टेबल, एलइडी टीवी, बच्चों के लिए गार्डन झूला और फिसलपट्टी, गार्डन कुर्सी, एयरकूलर शामिल है।




# अप्रैल अंत तक मांग पूरी नहीं की गई तो 1 मई से शुरु होगी हड़ताल

### कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा जताई जा रही नाराजगी

सीहोर (निप्र)। अभी तक कृषि विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित लाभ संबंधी कोई कार्य नहीं किए गए , निम्न के चलते अधिकारी व कर्मचारी अंत तक लगातार काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। पूरे प्रदेश में कृषि विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी 21 अप्रैल को कलम बंद व 22 अप्रैल को सामूहिक अवकाश में रहेंगे । अप्रैल अंत तक यदि विभाग के हित में शासन द्वारा ठोस कदम नहीं लिया गया तो 1 मई 2025 से शुरू करेंगे हड़ताल।अधिकारियों का कहना है 20 से 25 वर्षों से कोई प्रमोशन नहीं किए गए ।तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के समय मान वेतनमान (वेतन वृद्धि) के लाभ नहीं दिए गए तथा पांच स्तरीय वेतनमान के लाभ से भी वंचित रखा गया जिससे लंबे समय से पदोन्नति न होने से विभागीय ढांचा चरमरा गया हैं। साथ ही तकनीकी विभाग होने के कारण विभाग में संचालक कृषि का पद तकनीकी अधिकारियों से ही भरा जाना चाहिए।



## राष्ट्रीय साधारण सभा हुई सम्पन्न

सीहोर (निप्र)। ग्राहक हित संरक्षण के माध्यम के लिए कार्यरत अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, ग्राहक जागरण, प्रबोधन और मागर्दशन के माध्यम से सन 1974 से प्रयत्नशील है। प्रति वर्ष की भांति संगठन की राष्ट्रीय साधारण सभा इस वर्ष उत्तरप्रदेश के बाराबंकी में स्थित टीआरसी कॉलेज में दिनांक 12, 13 व 14 अप्रैल को संपन्न हुई। इसमें अखिल देश के प्रांत स्तर के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। मध्यक्षेत्र के चारों प्रांतों यथा मालवा, मध्यभारत, महाकोशल व छत्तीसगढ से भी कार्यकर्ता सम्मिलत हुए। राष्ट्रीय साधारण सभा में आगामी 3 वर्षों के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन सम्पन्न हुआ व क्षेत्रीय दायित्वों की घोषणा की गई। मध्यभारत प्रांत की सहभागिता राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बढी है।

## शहर के चर्च मैदान पर 85 दिवसीय ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर और ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता

### सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर ब्लू को 2-1 से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जारी 85 दिवसीय ग्रीष्म कालीन निशुल्क प्रशिक्षण शिविर के अलावा जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में ब्लाक स्तरीय अभ्यास मैचों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को खेले गए मैच में सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर ब्लू को 2-1 से हराया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज अहिरवार, विपिन पवार, आनंद उपाध्याय आदि ने यहां पर इच्छुक खिलाडियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।



गुरुवार की शाम को खेले गए ब्लाक स्तरीय फुटबाल मैच में सीहोर चिल्ड्रन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से अथर्व-अराफात ने एक-एक गोल किया। वहीं सीहोर ब्लू की ओर से एक मात्र गोल अग्रिम ने किया। इसके अलावा बुधवार को सीहोर बाइज और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य मैच खेला गया। इसमें सीहोर बाइज ने एक गोल से सीहोर चिल्ड्रन को हराया।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल**
**माधवराव सप्रे मार्ग, ( मुख्य मार्ग क्रमांक-03 )**
**भोपाल ( म0प्र0 ) 462003**

नि.आं.सू. क्रं 01/एन.एच.एम/2025-26/27 — भोपाल दिनांक 04/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम)से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा से प्रपत्र अ फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

**ई-निविदा सूचना क्रमांक-01/2025-26 दिनांक .04.2025**

| सं. क्रं | टेण्डर नं. 2024_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि ( लाख में ) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DHS_414414 | जिला चिकित्सालय सीहोर के ब्लड बैंक में उन्ननय एवं मरम्मत का कार्य (सिविल एवं विद्युत कार्य सहित) | 9.85 | 19,700.00 | 2000.00 | 02 माह |
| 2 | 2025_DHS_414415 | जिला राजगढ़ विकासखण्ड नरसिंहगढ ग्राम सराना में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। | 55.08 | 55080.00 | 5000.00 | 06 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 08.04.2025 प्रात: 10.30 से दिनांक 24.04.2025 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

**जी/18627/25**

**कार्यपालन यंत्री**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**संभाग-भोपाल**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com